वर्ष : 33 ▸ अंक : 159 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, 'शनिवार, 24 अगस्त 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल


# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है


## बच्चियों से एक बार नहीं 15 दिनों में बार-बार हुई दरिंदगी

**SIT रिपोर्ट में सनसनीखेज खुलासे**

बदलापुर। महाराष्ट्र के बदलापुर में दो स्कूली बच्चियों से कथित तौर पर हुई दरिंदगी के मामले में विशेष जांच दल (SIT) ने अपनी शुरुआत रिपोर्ट पेश की है। रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों बच्चियों के साथ पिछले 15 दिनों में कई बार यौन उत्पीड़न हुआ तब उनका हाइमन फटा। SIT की ये शुरुआती रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी गई है।

### स्कूल प्रशासन पर भी उठे सवाल



एसआईटी ने स्कूल प्रशासन पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, रिपोर्ट में कहा गया है कि स्कूल ने घटना की सूचना देने में देरी की, जबकि प्रिंसिपल ने 14 अगस्त को ही स्कूल के ट्रस्टी को सूचना दे दी थी। इसके बावजूद स्कूल प्रशासन ने संबंधित अभिभावकों को न तो सूचना दी और न ही उनसे मुलाकात की। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि आरोपी अक्षय शिंदे की पहचान और बैकग्राउंड की छानबीन किए बिना ही उसे स्कूल में काम पर रख लिया गया था। यही नहीं महिला शौचालयों से लेकर स्कूल के सभी क्षेत्रों में उसकी पहुंच थी। प्रशासन के पास आरोपी का पहचान पत्र भी नहीं था। इन सब खामियों की वजह से ये बड़ी घटना घटी। SIT की रिपोर्ट में यह भी सवाल उठाया गया है कि स्कूल का शौचालय स्टाफ रूम से काफी दूर है और सुरक्षा के लिए वहां कोई सीसीटीवी भी नहीं लगाया गया है।

# अब नहीं होगा महाराष्ट्र बंद

- हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र बंद पर लगाई रोक
- राज्य सरकार को सुरक्षा के सभी कदम उठाने के निर्देश

**अमित बृज | मुंबई**

बम्बई उच्च न्यायालय ने राजनीतिक दलों या व्यक्तियों को महाराष्ट्र बंद का आह्वान करने से रोक दिया। विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (MVA) ने बदलापुर के एक स्कूल में दो बच्चियों के साथ कथित यौन उत्पीड़न के विरोध में 24 अगस्त को पूरे राज्य में बंद का आह्वान किया था। बम्बई उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को किसी भी राजनीतिक दल या व्यक्ति को महाराष्ट्र बंद का आह्वान करने से रोकने का आदेश जारी किया है। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने दो याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि हम किसी भी राजनीतिक दल या व्यक्ति को बंद का आह्वान करने से रोक रहे हैं। अदालत ने राज्य सरकार को सुरक्षा के सभी कदम उठाने के निर्देश भी दिए हैं।

### अदालत में सरकार ने रखा अपना पक्ष

राज्य के महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ ने अदालत को बताया कि बंद का आह्वान अवैध है। सराफ ने कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाएगी कि जनता या सार्वजनिक संपत्ति को कोई नुकसान न पहुंचे। राज्य अपना कर्तव्य निभाएगा, लेकिन सभी की संवैधानिक जिम्मेदारियां हैं, जिनका उन्हें पालन करना चाहिए। अदालत ने सराफ से पूछा कि सरकार ने क्या एहतियाती कदम उठाए हैं और क्या एहतियात के तौर पर कोई गिरफ्तारी की गई है। सराफ ने कहा कि कुछ लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं, लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। अधिवक्ता झा और सदावर्ते ने केरल उच्च न्यायालय के एक फैसले का हवाला दिया जिसमें कहा गया था कि कोई भी राजनीतिक दल राज्यव्यापी बंद का आह्वान नहीं कर सकता है और ऐसे मामलों में हस्तक्षेप करने के लिए उच्च न्यायालय के पास पर्याप्त शक्तियां हैं। अधिवक्ताओं ने मराठा आरक्षण आंदोलन का उदाहरण भी दिया जिसके दौरान व्यापक स्तर पर सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचा।




### सरकार ने शुरु की कार्रवाई

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र बंद का आह्वान करने से रोकने संबंधी उच्च न्यायालय के आदेश को लागू किया जाएगा। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद अब राज्य सरकार बंद बुलाने पर महाविकास आघाड़ी के घटक दलों के खिलाफ एक्शन ले सकती है। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद अब मुंबई पुलिस अलर्ट हो गई है। पुलिस की तरफ महाविकास अघाड़ी के पदाधिकारियों को नोटिस भेजे गए गए हैं कि वे कानून-व्यवस्था की कोई समस्या न होने दें।

**बैकफुट पर एमवीए**

### महाविकास आघाडी ने वापस ली बंद की कॉल

महाराष्ट्र में बदलापुर की घटन पर महाराष्ट्र बंद की कॉल को महाविकास आघाडी (एमवीए) ने वापस ले लिया है। बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश और फिर शरद पवार की अपील के बाद महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने कहा हड़ताल एक लोकतांत्रिक अधिकार है। कोर्ट का फैसला स्वीकार्य नहीं है लेकिन हम कोर्ट का सम्मान करते हुए इस फैसले को स्वीकार कर रहे हैं। उद्धव ठाकरे ने कहा कि लेकिन हम नहीं रुकेंगे। आंदोलन से ही आजादी मिली है। ठाकरे ने कहा कि क्या महिलाओं पर हो रहे अत्याचार का विरोध नहीं करना है? इसका कोई मतलब नहीं है। ठाकरे ने कहा कि उनके कुछ पसंदीदा लोग हैं। वे हमेशा अदालत जाते हैं। फैसला लेकर आते हैं। वे पिछले दिनों मराठा आरक्षण के ख़िलाफ़ भी गए थे। हमने 24 अगस्त को बंद की घोषणा की थी। पवार साहब और पटोले बाहर हैं, इसलिए हम साथ बैठकर कोई फैसला नहीं ले सके। हमने फोन पर बात की। पवार ने अपनी भूमिका स्पष्ट कर दी है। हम कल बैठेंगे और चर्चा करेंगे। ऐसा नहीं है कि यह भविष्य में बंद नहीं होगा। हड़ताल एक लोकतांत्रिक अधिकार है।

- एक्शन में सरकार, पुलिस की तरफ महाविकास अघाड़ी के पदाधिकारियों को नोटिस भेजे गए गए
- MVA ने वापस लिया आह्वान

### कोर्ट के बाद शरद पवार की अपील

असल में उद्धव ठाकरे के आह्वान के बाद बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। इसी याचिका पर बॉम्बे हाई कोर्ट ने बंद को अवैध घोषित कर दिया और राज्य सरकार को ऐसा होने पर कानूनी कार्रवाई करने का आदेश भी दे दिया। फिर इसके बाद शरद पवार ने महाविकास अघाड़ी के नेताओं से इसे वापस लेने की अपील कर डाली।

### मुंह पर काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराएंगे : पटोले

कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख पटोले ने महाराष्ट्र बंद पर कहा कि वह अदालत के आदेश का सम्मान करेंगे, लेकिन मुंह पर काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराएंगे।

**बीजेपी को झटका**

## देवेंद्र फडणवीस का करीबी थामेगा तुतारी



**धीरज सिंह | मुंबई**

विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी बीजेपी और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को कोल्हापुर में बड़ा झटका लगा है। यह झटका राकां शरदचंद्र पवार के अध्यक्ष शरद पवार ने दिया है। इसे पवार का पलटवार माना जा रहा है। फडणवीस के बेहद करीबी और जिले में बीजेपी के बड़े नेता समरजीत सिंह घाटगे पवार की पार्टी में शामिल होने जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि इस झटके के जरिए पवार ने डीसीएम देवेंद्र से राकां में विभाजन का बदला लिया है।

### बीजेपी से इस्तीफे का दावा

सूत्रों का दावा है कि समरजीत सिंह घाटगे ने बीजेपी से इस्तीफा दे दिया है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के समर्थक माने जाने वाले घाटगे राकां (शरद पवार) में शामिल हो सकते हैं। घाटगे ने शुक्रवार को अपने कार्यकर्ताओं की एक बैठक बुलाई थी। जहां उन्होंने 'तुरही' (शरद पवार की पार्टी का चुनाव चिन्ह) हाथ में थामने के निर्णय का साफ तौर पर ऐलान कर दिया। घाटगे ने कार्यकर्ताओं की सभा में कहा कि मैंने अपनी भावी योजनाओं से फडणवीस को अवगत करा दिया है। आप लोग दो महीने इंतजार करने के लिए तैयार रहें, फिर अगले 25 साल आपके होंगे। कागल में स्वराज पाने का निर्णय जयंत पाटिल से चर्चा के बाद लिया है। मैंने अपने नेता से मिलकर उन्हें सब कुछ बता दिया है। मैंने देवेंद्र फडणवीस से कह दिया है कि 8 जून के बाद मैं कागल के स्वराज्य के लिए काम करूंगा। मैं 7 जून तक पार्टी के प्रति वफादार बना रहा लेकिन अब मुझे निर्णय लेना ही होगा और ये फैसला स्वर्गीय राजे साहब के लिए है। फिर चाहे कोई कितना भी जोर लगा ले, कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

**पवार और भी करेंगे वार :** रंजीत मोहिते पाटिल और हर्ष वर्धन पाटिल घाटगे का जाना बीजेपी और फडणवीस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। लेकिन शरद पवार गुट ने बीजेपी को ऐसे झटके लगातार देने की तैयारी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि पवार की नजर अब बीजेपी के नेता रंजीत मोहिते पाटिल एवं हर्षवर्धन पाटिल पर टिक गई है। पवार गुट पुणे जिले के इंदापुर से भाजपा के नेता और पूर्व मंत्री हर्षवर्धन पाटिल और रंजीत मोहिते पाटिल के संपर्क में है।

**अजीत के महायुति में आने से नाराज :** घाटगे कागल विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं। पिछला विधानसभा चुनाव उन्होंने निर्दलीय लड़ा था लेकिन एनसीपी के हसन मुश्रीफ ने उन्हें हरा दिया। फिलहाल मुश्रीफ, अजीत पवार की राकां से विधायक व मंत्री हैं। अजीत ने कागल से उन्हें महायुति का उम्मीदवार भी घोषित कर दिया है। इसलिए घाटगे ने बीजेपी का साथ छोड़कर शरद पवार के पास जाने का फैसला किया है। शरद पवार 3 सितंबर को कोल्हापुर के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान घाटगे की राकां (शरद पवार गुट) में एंट्री हो जा सकती है।

**संजय गुप्ता हत्या प्रकरण**

## छोटा राजन ने सीबीआई कोर्ट के फैसले को दी चुनौती

**मुंबई।** अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन ने नवी मुंबई के नेरुल में मार्च 2005 में हुई संजय गुप्ता की हत्या के मामला को बंद करने से विशेष सीबीआई अदालत के इनकार करने को बॉम्बे हाई कोर्ट में चुनौती दी है। अदालत ने शुक्रवार को इस मामले में सीबीआई समेत सभी पार्टियों को नोटिस जारी किया। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), की विशेष अदालत में पेश क्लोजर रिपोर्ट में राजन को बरी किया गया था। 10 अक्टूबर को मामले की अगली सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति सारंग कोतवाल की एकलपीठ के समक्ष छोटा राजन की ओर से वकील अशोक पांडे की दायर याचिका पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता के वकील अशोक पांडे ने दलील कि छोटा राजन के खिलाफ 71 मामले दर्ज हैं। सारे मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई है। सीबीआई ने विशेष अदालत में मार्च 2005 में हुई संजय गुप्ता हत्या के मामले में क्लोजर रिपोर्ट पेश किया था, जिसमें छोटा राजन को बरी कर दिया गया था। सीबीआई ने रिपोर्ट में गुप्ता की हत्या के मामले में गवाहों के मुकर जाने की बात कही थी।



## 'केंद्र ने जासूसी के लिए Z+ सुरक्षा दी'

**केंद्र के फैसले पर शरद पवार को संदेह**

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसीपी) के प्रमुख शरद पवार ने केंद्र सरकार द्वारा जेड प्लस सुरक्षा दिए जाने पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए प्रतिक्रिया दी है। पवार ने कहा है कि उनकी जासूसी और जानकारी प्राप्त करने का एक तरीका हो सकता है। पवार ने कहा कि क्योंकि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। केंद्र ने बुधवार को शरद पवार को जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की थी। पवार ने यह प्रतिक्रिया मीडिया द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में दी। उन्होंने कहा उन्हें इस कदम के पीछे का कारण नहीं मालूम है। पवार ने केंद्र के फैसले पर शक जरूर जाहिर किया है। शरद पवार ने आगे कहा कि गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने मुझे बताया कि सरकार ने तीन व्यक्तियों को जेड प्लस सुरक्षा देने का फैसला किया है और मैं उनमें से एक था। मैंने पूछा कि अन्य दो कौन हैं? मुझे बताया गया कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हैं? पवार के बयान पर बीजेपी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।



### अक्टूबर-नवंबर में चुनाव की संभावना

महाराष्ट्र में अक्टूबर-नवंबर महीने में चुनाव होने हैं। जब केंद्र ने शरद पवार को जेड प्लस सुरक्षा देने की सिफारिश की तो यह माना गया था कि चुनावों को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों के आकलन पर यह फैसला किया गया होगा लेकिन अब शरद पवार ने इस फैसले पर शक व्यक्त किया है। पवार ने मीडिया के जवाब में कहा कि चुटकी लेते हुए कहा कि शायद चूंकि चुनाव नजदीक आ रहे हैं, इसलिए यह (मेरे बारे में) प्रामाणिक जानकारी प्राप्त करने का एक तरीका हो सकता है। इसके बाद चर्चा शुरू हो गई है कि क्या पवार जेड प्लस सुरक्षा नहीं लेंगे?

**विदेश दौरा** — मोदी ने राष्ट्रपति जेलेंस्की को गले लगाया और उनके कंधे पर हाथ रखा

## 'जादू की झप्पी' से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों को साधा

**मुनीब चौरसिया | नई दिल्ली**

पीएम मोदी एक बार फिर दुनिया की सियासत में चर्चा का विषय बने हुए हैं। पीएम मोदी ने आज गर्मजोशी के साथ यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की को गले लगाया और उनके कंधे पर हाथ रखा। युद्ध की मार झेल यूक्रेन के जख्मों पर जिस अंदाज में पीएम मोदी ने दोस्ती का मरहम लगाया है, उसकी तारीफ पूरी दुनिया कर रही है। पीएम मोदी का ये अंदाज भारत का अपने मित्र देशों के साथ सच्ची दोस्ती की भावना को दर्शाता है। हालांकि 6 महीने पहले जब पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को गले लगाया था, तो वह पश्चिमी देशों और यूक्रेन के निशाने पर आ गए थे। उनकी जमकर आलोचना भी की गई थी। लेकिन पीएम मोदी ने शुक्रवार को जेलेंस्की को भी पुतिन स्टाइल में गले लगाकर दुनिया को बता दिया कि भारत दोनों देशों के प्रति सहानुभूति रखता है। साथ ही भारत युद्ध की जगह शांतिपूर्ण समाधान के पक्ष में हैं। उधर पीएम मोदी के इस अंदाज ने आज अमेरिका और चीन को भी चौंका दिया है।



### जेलेंस्की से कीव में मिले पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यूक्रेन की अपनी यात्रा शुरू करते हुए कीव में राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की। द्विपक्षीय संबंधों के इतिहास में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यूक्रेन यात्रा है। दोनों नेता कीव में मार्टिरोलॉजिस्ट प्रदर्शनी में मिले जिसका वीडियो सामने आया है, जिसमें पीएम मोदी जेलेंस्की से हाथ मिलाने के बाद गले मिलते दिख रहे हैं। यूक्रेन के साथ भारत की एकजुटता के प्रतीक के रूप में एक महत्वपूर्ण संकेत देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने जेलेंस्की के कंधे पर अपना हाथ मजबूती से रखा और रूस के साथ संघर्ष को लेकर भारत के समर्थन पर जोर दिया।

### रूस-यूक्रेन युद्ध पर भारत का क्या नजरिया?

कीव यात्रा पिछले महीने प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा के बाद हो रही है, जहां उन्होंने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ यूक्रेन की स्थिति पर चर्चा की थी। भारत ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर अपनी स्थिति को लगातार बनाए रखा है। भारत ने बातचीत और कूटनीति के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान की वकालत की है। प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले 14 जून को इटली के अपुलिया में 50वें जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ संघर्ष पर चर्चा की थी और शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की थी। कूटनीतिक प्रयासों के अलावा, नई दिल्ली ने यूक्रेन को महत्वपूर्ण मानवीय सहायता भी प्रदान की है, जिसमें आवश्यक दवाएं और चिकित्सा उपकरण शामिल हैं, जिससे यूक्रेनी लोगों के प्रति उसका समर्थन प्रदर्शित होता है।

## अनिल अंबानी पर पांच वर्ष का प्रतिबंध

**25 करोड़ रुपए का जुर्माना, 24 इकाइयों पर भी कार्रवाई**




**मुंबई/नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने उद्योगपति अनिल अंबानी तथा रिलायंस होम फाइनेंस के पूर्व प्रमुख अधिकारियों समेत 24 अन्य इकाइयों को कंपनी से धन के हेर-फेर के मामले में प्रतिभूति बाजार से पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। सेबी ने अंबानी पर 25 करोड़ रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अनिल अंबानी पर पांच साल तक किसी भी सूचीबद्ध कंपनी या सेबी के साथ पंजीकृत किसी भी इकाई में निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय पद लेने पर भी रोक रहेगी। इसके अलावा 24 इकाइयों पर 21 करोड़ रुपए से लेकर 27 करोड़ रुपए तक का जुर्माना लगाया गया है। नियामक ने रिलायंस होम फाइनेंस को छह महीने के लिए प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है और उसपर छह लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड में धन की कथित हेरा-फेरी को लेकर सेबी ने वित्त वर्ष 2018-19 की अवधि के लिए जांच की। सेबी ने जांच में पाया कि अनिल अंबानी ने कंपनी के अन्य प्रमुख लोगों की मदद से कंपनी से धन निकालने के लिए एक धोखाधड़ी की योजना बनाई।

दो बजे दोपहर


# इंटरनेशनल फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़

## अलीबाग रिसॉर्ट पर पुलिस की कार्रवाई

दोपहर संवाददाता । मुंबई

दुनिया में दिन ब दिन ऑनलाइन क्राइम की घटनाएं बढ़ रही है। देश में हर दिन कही ना कही फ्रॉड, शेयर बाजार धोखाधड़ी के मामले दर्ज होते है। बताया जा रहा है कि हैकर्स हर मिनट में दुनिया की अर्थव्यवस्था से एक डॉलर से भी अधिक रकम लूट रहे हैं। हर मिनट में 2,000 लोग उनके शिकार बनते हैं। इस बीच महाराष्ट्र के अलीबाग से भी ऐसी ही एक मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार, अलीबाग तहसील के परहूर में नेचर्स एज अलिबाग रिसॉर्ट से अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर




के माध्यम से अमेरिकी नागरिकों से जबरन वसूली का काम किया जाता था। अलिबाग पुलिस ने एक ऑनलाइन जुए के अड्डे के संदेह में छापेमारी रिसॉर्ट में छापेमारी की। इस दौरान सामने आया कि यहां पर फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर चलाया जा रहा है।

### पचास से अधिक युवक शामिल

अलीबाग पुलिस ने यह कार्रवाई 22 अगस्त के रात 10 बजे की। इस दौरान पचास से अधिक युवक इसमें शामिल होने की जानकारी सामने आई। पुलिस ने कहा कि मामले को लेकर शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है।

### पुलिस ने क्या कहा?

छापेमारी के दौरान पुलिस ने देखा कि मौके पर अलग ही मामला चल रहा है। जांच में पता चला कि यह एक अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर चला रहे है। अलीबाग थाने के पुलिस अधिक्षक सोमनाथ घरगे ने बताया कि थाने में मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है।

**लालच देकर ठगी:** बताया जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर के जरिए अमेरिकी लोगों की गोलियां, ड्रग्स व अन्य उपकरणों का लालच देकर ठगी की जा रही थी। यह कॉल सेंटर नशिलें पदार्थो का सेवन करने के बाद देर रात तक खुला रहता था। अलीबाग पुलिस को शक था कि इस रिसॉर्ट में ऑनलाइन जुआ चल रहा है। इसलिए पुलिस ने वहां छापेमारी की।

# मुंबई को हर समय रोशन रखेगा पडघा- खारघर ऊर्जा गलियारा

दोपहर संवाददाता । मुंबई

मुंबई महानगरीय क्षेत्र (एमएमआर) की बढ़ती जनसंख्या और बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे के विकास के कारण साल दर साल बिजली की मांग बढ़ी है। बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए पडघा-खारघर ऊर्जा गलियारा तैयार हो चुका है। करीब 90 किलोमीटर लंबे पडघा-खारघर ऊर्जा गलियारे पर एक नई ट्रांसमिशन लाइन पूरी तरह से तैयार हो चुकी है जिससे 2000 मेगावाट से अधिक की बिजली आपूर्ति की जाएगी। इस ऊर्जा गलियारे की शुरुआत इसी महीने में होने वाली है।'

### बिजली की खपत में बेतहाशा वृद्धि



देश की आर्थिक राजधानी होने के कारण मुंबई में बिजली की कटौती लगभग न के बराबर होती है। पिछले कुछ दशकों में एमएमआर का विस्तार होने के कारण बिजली की खपत में बेतहाशा वृद्धि हुई है, जिसके कारण कई बार बिजली आपूर्ति करने वाला ग्रिड फेल हो चुका है। 12 अक्टूबर 2020 के दिन मुंबई के कई हिस्सों में अचानक कुछ घंटों तक बिजली गुल हो गई थी। ऐसा संकट दोबारा 22 फरवरी 2022 को हुआ था। एमएमआर में बिजली की डिमांड बढ़ गई और जिन ट्रांसमिशन लाइनों से बाहर से बिजली आती हैं, उन पर लोड बढ़ गया। इसके कारण पावर फैल्योर हो गया। शहर को रातभर रोशन करने के लिए गुजरात, राजस्थान और आसपास के राज्यों से बिजली लेनी पड़ती है।

# बच्ची को दागने के आरोप में मामला दर्ज

दोपहर संवाददाता । ठाणे

ठाणे जिले में स्थित एक निजी आश्रय गृह के संचालक पर ढाई साल की बच्ची के शरीर को गर्म चीज से दागने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह अपराध मई और जुलाई के बीच किया गया तथा मामला तब सामने आया जब बच्ची की दादी हाल ही में उससे मिलने के लिए आश्रय गृह पहुंची। आरोपी दत्ता गाइसमुद्रे इस निजी आश्रय गृह का प्रबंधन करता है।

# महाराष्ट्र को मणिपुर समान अशांत करने का प्रयास: बावनकुले

दोपहर संवाददाता । मुंबई

बदलापुर की घटना को लेकर राजनीतिक बयानबाजी जमकर होने लगी है। भाजपा ने आरोप लगाए है कि इस घटना को लेकर महाविकास आघाड़ी महाराष्ट्र को अशांत करने का प्रयास कर रही है। आघाडी ने शनिवार को महाराष्ट्र बंद का आवाहन किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने आघाडी सरकार के समय राज्य में महिला अत्याचार की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा है कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए अब आघाडी राज्य की जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। बावनकुले ने मुख्यमंत्री पद को लेकर उद्धव ठाकरे पर निशाना



साधते हुए कहा कि अब आघाडी में उद्धव की बात को कोई भी नहीं सुनता है। शरद पवार के बारे में कहा कि हम उनका आदर करते हैं इसलिए उनकी सुरक्षा बढ़ायी गई है। शुक्रवार को बावनकुले ने पत्रकारों से चर्चा की।

### 'उद्धव स्वीकार नही'

बावनकुले ने कहा कि मुख्यमंत्री के तौर पर उद्धव ठाकरे कभी भी कांग्रेस व राकांपा को स्वीकार नहीं करेगी। पहले जो हुआ सो हुआ। अब शरद पवार ,सुप्रिया सुले या नाना पटोले को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। उद्धव ने केवल मुख्यमंत्री बनने के लिए भाजपा का साथ छोड़ा। भविष्य में कांग्रेस व राकांपा उद्धव को महाविकास आघाडी से मुक्त कर देगी। मुख्यमंत्री बनने के लिए उद्धव हाथ पांव छू रहे हैं। शरद पवार में उद्धव से तंग आ गए है। भविष्य में उद्धव कहेंगे कि शरद पवार ने उन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनने दिया। उद्धव को कांग्रेस ने दिल्ली से लौटाया। संजय राऊत उन्हें मुख्यमंत्री ठहर रहे हैं। लेकिन अब इनके शब्दों का महत्व महाविकास आघाडी में नहीं रह गया है।

**'निम्न स्तर की राजनीति':** शरद पवार ने कहा था कि मणिपुर के समान महाराष्ट्र की स्थिति होने की आशंका है। महाविकास आघाडी ने बदलापुर की घटना को लेकर आशंका व्यक्त की है कि महाराष्ट्र को मणिपुर तो नहीं बनाया जा रहा है। बावनकुले ने कहा कि यह सब निम्न स्तर की राजनीति है। आघाडी सरकार के समय हिंगणघाट में युवती को सड़क पर जला दिया गया। नांदेड, पुणे, साकीनाका में अनेक घटनाएं हुई। तब मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे थे। अपनी तरफ नहीं देखते हुए महाविकास आघाडी महाराष्ट्र का जलाने का प्रयास कर रही है। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा नेता हर्षवर्धन पाटील को संयम रखना चाहिए।

# 'आरोपी को फांसी दो'



## किन्नर समाज ने मोर्चा निकालकर की मांग

दोपहर संवाददाता । बदलापुर

बदलापुर के एक मशहूर स्कूल में दो मासूम बच्चियों के साथ यौन उत्पीड़न की घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना के विरोध में कल्याण, अंबरनाथ और उल्हासनगर के किन्नर समाज द्वारा एकजुट होकर बदलापुर पुलिस स्टेशन तक पैदल मार्च निकालकर आरोपियों को फांसी देने की आक्रोशपूर्ण मांग की गई है। इस अवसर पर कोमल और सोनाली ने कहा कि जब किसी के घर बेटी पैदा होती है तो हम जाकर बधाई देते हैं, लेकिन ऐसी घटनाएं देखकर हमें गुस्सा आता है।

# गणेश मंदिर को लेकर ज्ञापन

दोपहर संवाददाता । अंबरनाथ

अंबरनाथ पूर्व स्थित निसर्ग ग्रींस डैफोडिल कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने बिल्डर से मुलाकात कर जल्द से जल्द फेस 2 परिसर में श्री गणेश का मंदिर बनाने की मांग की। बता दें कि निसर्ग ग्रींस डैफोडिल कोऑपरेटिव हाउसिंग की तरफ से सोसायटी प्रगण में गणेश मंदिर का निर्माण कार्य किये जाने का आश्वाशन दिया था। 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने पर भी बिल्डर द्वारा मंदिर निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं किया। सोसायटी के नागरिकों की मांग को मानते हुए निसर्ग ग्रींस की तरफ से उपस्थित अमृत पाल तथा रितेश गजवानी ने जल्द ही यहां श्री गणेश का मंदिर बनवाने का भरोसा दिलाया।

# नहर से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

दोपहर संवाददाता । ठाणे

ठाणे शहर में शुक्रवार को एक नहर से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। नगर निगम के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। नागरिक आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि ठाणे अग्निशमन केंद्र को सुबह करीब 10:20 बजे फोन आया कि वाघबिल इलाके में एक नहर में एक शव तैर रहा है। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मियों और क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के कर्मियों की एक टीम घटनास्थल पर पहुंच शव को बाहर निकाला।

# पति की हत्या के आरोप में महिला और उसका प्रेमी गिरफ्तार



दोपहर संवाददाता । ठाणे

ठाणे जिले में पति की हत्या कर शव को खाड़ी में फेंकने के आरोप में एक महिला और उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

### शव का अभी तक पता नहीं

अधिकारी ने बताया कि शव का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन भिवंडी पुलिस ने खुफिया जानकारी और तकनीकी जानकारी जुटाने तथा मृतक के परिजनों से बात करने के बाद महिला राधा बलराम मिश्रा (25) और उसके प्रेमी अनुभव रामप्रकाश पांडे (23) को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार बलराम उर्फ शेखर लक्ष्मण मिश्रा (27) अपनी पत्नी राधा के साथ भिवंडी के दुर्गेश पार्क में रहता था, लेकिन राधा ने अनुभव के साथ प्रेम संबंध बनाए रखा।

# यात्री के बैग से सोने का मंगलसूत्र चोरी के आरोप में महिला गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता । वसई

सोने का मंगलसूत्र चोरी करने के मामले में रेलवे सुरक्षा बल ने एक 45 वर्षीय महिला चोर को पकड़ कर उसे जीआरपी वसई के हवाले किया है।

यह कार्रवाई वसई स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक अवधेश पांडेय की टीम ने की है। पुलिस के अनुसार 18 अगस्त को वसई स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर लोकल ट्रेन के महिला कोच से एक महिला यात्री के बैग से सोने का मंगलसूत्र चोरी हो गया।



आरपीएफ ने संदेह के आधार पर विरार निवासी कंकू रमणीकलाल सैंडिस (45) को पकड़कर पूछताछ की तो उसने चोरी का अपराध स्वीकार कर लिया। आरपीएफ ने आगे की तहकीकात के लिए उसे जीआरपी वसई के हवाले कर दिया है।

# विधायक कुमार आयलानी ने नव निर्वाचित आयुक्त विकाश ढाकणे का किया स्वागत

दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर

शहर के विधायक कुमार आयलानी के नेतृत्व मे उल्हासनगर महानगर पालिका के नव निर्वाचित आयुक्त विकास ढाकणे का भाजपा शिष्ठ मंडळ द्वारा स्वागत सत्कार किया गया। मनपा आयुक्त अजीज शेख की जगह पर पुणे से आये नव निर्वाचित आयुक्त से 23 अगस्त के विधायक कुमार आयलानी ने मुलाकात कर स्वागत करते हुए उल्हासनगर शहर के विविध मुख्य विषयों पर चर्चा किया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप



रामचंदानी, विधानसभा चुनाव प्रमुख जमनू पुरसवानी, सिंधी साहित्य अकादमी कार्याध्यक्ष महेश सुखरामनी, भाजपा वरिष्ठ नेता लाल पंजाबी, प्रकाश माखीजा, पूर्व नगरसेवक टोनी सिरवानी, पिंटो भठीजा, राजू जग्यासी, डॉ प्रकाश नाथानी, अर्चना करनकाळे, किशोर वनवारी, मनोज साधनानी, अजित सिंग लबाना, डॉ एस बी सिंग, विक्की मेंगवानी, कमल सरोदे सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

# महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में व्यक्ति पर मामला दर्ज

दोपहर संवाददाता । भिवंडी



ठाणे जिले के भिवंडी शहर में एक महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में 25 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि भिवंडी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 (आत्महत्या के लिए उकसाने) के तहत मामला दर्ज किया। वह उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। प्राथमिकी के अनुसार, आरोपी ने कथित तौर पर 35 वर्षीय एक महिला का यौन उत्पीड़न किया।

# ठाणे जिले की 41 ग्राम पंचायतें हुईं क्षय रोग मुक्त

दोपहर संवाददाता । ठाणे

ठाणे की 41 ग्राम पंचायत क्षय रोग से मुक्त हुईं । जिलाधिकारी कार्यालय पर स्थित नियोजन भवन में जिलाधिकारी अशोक शिनगारे के हाथों से सम्मानित किया गया।

**कुल 431 ग्राम पंचायत**

जिले में कुल 431 ग्राम पंचायत है, जिसमें शहापुर तहसील में 13 ग्राम पंचायत, मुरबाड़ तहसील में 9 ग्राम पंचायत,कल्याण तहसील में 7 ग्राम पंचायत,भिवंडी तहसील में 6 ग्राम पंचायत,अंबरनाथ तहसील में



6 ग्राम पंचायत हैं। इस सभी ग्राम पंचायत तों को जिलाधिकारी शिनगारे के हाथों से सम्मानित किया गया।

### '31 मार्च 2025 तक ठाणे जिला क्षय रोग से मुक्त होना चाहिए'

जिलाधिकारी शिनगारे ने उपस्थित लोगों को मार्गदर्शन करते हुए कहा कि 31 मार्च 2025 तक ठाणे जिला क्षय रोग से मुक्त होना चाहिए। यह हम लोगों का लक्ष्य है। अपनी शुरुआत अच्छी है अब तक 10 प्रतिशत सफलता मिली है। 90 प्रतिशत पूर्ण करना है। उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रमोद काले ने कहा कि सभी गांवों को क्षय रोग से मुक्ति मिलना चाहिए और 31मार्च 2025 तक सभी गांव को क्षय रोग मुक्त गांव करना है।

# आश्रम स्कूल के छात्रावास में आदिवासी लड़की ने की आत्महत्या

दोपहर संवाददाता । पालघर

पालघर जिले में एक सरकारी आश्रम स्कूल के छात्रावास में 18 वर्षीय एक आदिवासी युवती ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जौहर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि जौहर तालुका के सकुर में स्थित आश्रम स्कूल के छात्रावास के कमरे में



कक्षा 10 की छात्रा शुभांगी रामदास पागी का शव फंदे से लटका हुआ मिला था। उन्होंने बताया कि जौहर पुलिस थाने के अधिकारियों ने सूचना के आधार पर बृहस्पतिवार को छात्रावास का दौरा किया।

# उत्तर मुंबई में विशाल कौशल विकास केंद्र का निर्माण

## लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे: पीयूष गोयल

दोपहर संवाददाता । मुंबई

उत्तर मुंबई के सांसद केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने केंद्रीय कौशल विकास मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत सिंह की उपस्थिति में शुक्रवार को कांदिवली पूर्व स्थित कल्पतरु टॉवर में एक महत्वपूर्ण बैठक में उत्तर मुंबई में कांदिवली पूर्व और बोरीवली पश्चिम में दो कौशल विकास केंद्र स्थापित करने की जानकारी दी। इस अवसर पर मुंबई के पालक मंत्री विधायक मंगल प्रभात लोढ़ा, पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी, विधायक अतुल भातखलकर, विधायक प्रवीण दरेकर, विधायक सुनील राणे, विधायक प्रकाश सुर्वे भी उपस्थित थे।

उत्तर मुंबई को उत्तम मुंबई बनाने की दिशा में इसे एक बड़ा कदम



बताते हुए गोयल ने कहा,'एक लाख वर्ग फीट के कौशल विकास केंद्र में मुंबई की युवा पीढ़ी के हजारों युवक-युवतियां विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञ बनेंगे और इस कौशल विकास केंद्र के माध्यम से नौकरी से जुड़ेंगे।' इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सुधा कौशल विकास केंद्र के माध्यम से लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इस बैठक में कौशल विकास केंद्र में विभिन्न पाठ्यक्रमों और उसके लिए आवश्यक विशेषज्ञ शिक्षकों के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। पीयूष गोयल ने यह भी बताया कि कौशल विकास केंद्र की विशेषता कमाओ और सीखो होगी। इस अवसर पर केंद्रीय कौशल विकास मंत्री जयंत सिंह, मुंबई के पालक मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी, विधायक अतुल भातखलकर, विधायक प्रवीण दरेकर, विधायक प्रकाश सुर्वे और विधायक सुनील राणे मनपा अतिरिक्त आयुक्त बांगर, उपायुक्त भाग्यश्री कापसे, जिला अध्यक्ष गणेश खणकर, महासचिव सर्व बाबा सिंह, दिलीप पंडित, निखिल व्यास, कांदिवली पूर्व अध्यक्ष अप्पा बेलवलकर और कौशल विकास केंद्र के निर्माण के लिए इस विभाग के विशेषज्ञ उपस्थित थे।

# वर्कर्स यूनियन ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने फिर दी आंदोलन की चेतावनी

दीपक पवार । मुंबई

राज्य के हजारों संविदा कर्मचारी और कर्मचारी विराट मोर्चा के तहत मुंबई के आजाद मैदान में दाखिल हुए, लेकिन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सरकार ने इन हजारों संविदा कर्मियों के मार्च का निपटारा नहीं किया, जिससे संविदा कर्मी काफी नाराज हो गए हैं। वर्कर्स यूनियन ज्वाइंट एक्शन कमेटी के प्रमुख मजदूर नेता कॉमरेड डी.एल. कराड ने चेतावनी दी कि जब तक संविदा कर्मियों की समस्या का समाधान नहीं होगा, तब तक आंदोलन नहीं रुकेगा. अगर सरकार अगले एक सप्ताह के अंदर कोई समाधान नहीं निकालती है तो संविदा कर्मी हड़ताल पर चले जायेंगे।




### कई संगठनों ने लिया भाग

शुक्रवार को महाराष्ट्र के वर्कर्स यूनियन ज्वाइंट एक्शन कमेटी के नेतृत्व में राज्य से हजारों की संख्या में ठेका श्रमिक और कर्मचारी आजाद मैदान आये। इस दौरान विभिन्न ट्रेड यूनियनों के नेताओं ने अपना पक्ष रखा। विवेक मोंटेरो, इंटक के गोविंदराव मोहिते, कॉम. उदय भट्ट, मनपा श्रमिक नेता अशोक जाधव, आंगनबाडी कामरेड शुभा शमीम, संतोष चालके, डॉ. ताप्ती मुखोपाध्याय बुक्टू, विजय दलवी, मारुति विश्वास राव आदि नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस विरोध प्रदर्शन में राज्य सरकार कर्मचारी महासंघ, आईटीएके, सीटू, टीयूसीआई, एआईआईईए, टीआईबीए, बीएफआई, श्रमिक एकता संघ, कारगमार एकता और अन्य संगठनों ने भाग लिया।

# सीसीटीवी लगाने में देरी होने पर शिक्षाधिकारी निलंबित : दीपक केसरकर

दोपहर संवाददाता । मुंबई

मुंबई शहर के पालक मंत्री दीपक केसरकर ने शुक्रवार को मनपा के शिक्षा अधिकारी राजेश कंकाल को निलंबित कर दिया।

शुक्रवार को मुंबई मनपा प्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार परिषद में दीपक केसरकर ने शिक्षा अधिकारी के निलंबन और मुंबई के विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी देते कहा कि मुंबई मुंबई मनपा के स्कूलों में सीसीटीवी लगाने के कार्य में हुई देरी को देखते राजेश कंकाल को तत्काल निलंबित कर दिया गया है। सीसीटीवी का कार्य लगभग दो वर्ष पूर्व दिया गया था, परंतु मनपा प्रशासन ने अभी तक निविदा प्रकिया में ही उलझी हुई है। बता दें कि मुंबई मनपा के स्कूलों में सीसीटीवी लगाने का निर्देश दो साल पूर्व दिया गया था। मनपा प्रशासन की ओर से अभी तक मुंबई शहर के मनपा स्कूलों में सीसीटीवी लगाने की निविदा प्रक्रिया पूरी कर सीसीटीवी लगाने का वर्क आर्डर दिया है। मुंबई के उपनगरों के स्कूल में सीसीटीवी लगाने का अभी तक निविदा भी नहीं हुआ।



### सीसीटीवी न लगाने वाले निजी स्कूल की बंद होगी ग्रांट

पालक मंत्री दीपक केसरकर ने कहा कि मुंबई के निजी स्कूलों में भी सीसीटीवी लगाना अनिवार्य है ।पालक मंत्री दीपक केसरकर ने कहा कि जो भी निजी स्कूल सीसीटीवी लगाने में लापरवाही करेंगे और समय रहते सीसीटीवी लगाने की प्रकिया पूरी नही करेंगे उनका ग्रांट बंद कर दिया जाएगा।

गार्डन के नीचे मार्केट बनाने में देरी करने वाले अधिकारी को भी निलंबित किया जाएगा। पालक मंत्री दीपक केसरकर ने कहा कि मुंबई में जगह की बड़ी कमी है इसके लिए दिल्ली की तर्ज पर गार्डन के नीचे मार्केट बनाने का निर्देश दिया था। मनपा की टीम दिल्ली जाकर भी आई लेकिन अभी तक गार्डन के नीचे मार्केट बनाने को लेकर कोई कार्रवाई पूरी नहीं हुई। इसी के चलते मनपा आयुक्त भूषण गगरानी को मामले की जांच कर तत्काल सम्बंधित अधिकारी को निलंबित करने की कार्रवाई करें।

कैबिनेट मंत्री दीपक केसरकर ने बदलापुर की घटना का संज्ञान लेते हुए सीसीटीवी लगाने में देरी होने का आरोप लगाते हुए शिक्षाधिकारी राजेश कंकाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्देश मनपा आयुक्त भूषण गगरानी को दिया। बदलापुर की घटना को लेकर इसके पहले ठाणे के शिक्षाधिकारी को निलंबित किया था।

दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है





# बदलापुर घटना के बाद जागी महाराष्ट्र सरकार

## राज्य के सभी स्कूलों को सुरक्षा के कदम उठाने के संबंध में आदेश जारी

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

बदलापुर में नाबालिग लड़कियों के साथ हुए यौन शोषण के मद्देनजर राज्य सरकार ने राज्य के सभी स्कूलों को सुरक्षा के कदम उठाने के संबंध में आदेश जारी किए हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि आदेश का पालन न करने पर संचालन की अनुमति रद्द करने जैसे गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

### शिक्षा मंत्री की शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक

वहीं शुक्रवार को महाराष्ट्र के शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदमों को लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान मंत्री ने हर संभव उपाय किए जाए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

### मीरा-भाईंदर के सभी स्कूलों का किया जाएगा निरीक्षण

बदलापुर में नाबालिग लड़कियों के साथ हुए यौन शोषण के मद्देनजर राज्य सरकार ने राज्य के सभी स्कूलों को सुरक्षा के कदम उठाने के संबंध में आदेश जारी किए हैं। मीरा-भाईंदर के स्कूलों द्वारा इन आदेशों का पालन किया जा रहा है या नहीं, इसकी जांच के लिए मनपा के उपायुक्त की अध्यक्षता में एक समिति बनाई जाएगी। यह समिति शहर के सभी स्कूलों का निरीक्षण करेगी।

### क्या है आदेश में ?

पिछले कुछ समय से स्कूली छात्रों की सुरक्षा का मुद्दा गंभीर होता जा रहा है, इसलिए राज्य सरकार के स्कूल शिक्षा और खेल विभाग ने स्कूलों द्वारा उठाए जाने वाले उपायों के संबंध में एक आदेश जारी किया है। आगामी एक माह के अंदर स्कूलों व आसपास के परिसरों में सीसीटीवी लगाना, नियमित अंतराल पर सीसीटीवी फुटेज की जांच करना, स्कूलों में नियमित कर्मचारियों के साथ-साथ बाहरी स्रोतों से या अनुबंध के आधार पर सफाई कर्मचारी, हेल्पर, सुरक्षा गार्ड, बस चालक की नियुक्ति करना शामिल है। उनके चरित्र की जांच करना, विद्यालय में शिकायत पेटी रखना, विद्यालय स्तर पर छात्र सुरक्षा समिति का गठन करना आदि शामिल है। सभी निजी स्कूलों के लिए यह उपाय करना अनिवार्य कर दिया गया है। स्कूलों को यह सभी उपाय योजना अगले एक महीने के भीतर पूरे करने होंगे। स्कूलों में मौजूदा सुरक्षा उपायों और राज्य सरकार द्वारा दिए गए आदेशों को स्कूल द्वारा पूरा किया जा रहा है या नहीं, इसकी जांच के लिए मीरा-भाईंदर मनपा ने उपायुक्त की अध्यक्षता में एक समिति बनाने का निर्णय लिया है। इस समिति में पुलिस विभाग का एक प्रतिनिधि भी शामिल होगा। इस समिति द्वारा मनपा समेत शहर के सभी स्कूलों का निरीक्षण किया जाएगा और पाई गई त्रुटियों को तत्काल सुधारने का निर्देश संबंधित स्कूल को दिया जाएगा। आदेश में कहा गया है कि ''राज्य के सभी निजी स्कूलों को विभाग के नए दिशा-निर्देशों का पालन करना आवश्यक है, जिसके तहत स्कूल परिसर में उचित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य है। इसका पालन न करने पर वित्तीय अनुदान रोके जाने या स्कूल के संचालन परमिट को रद्द किए जाने जैसी कार्रवाई की जा सकती है।" आदेश में कहा गया है कि सीसीटीवी फुटेज की सप्ताह में कम से कम तीन बार जांच की जानी चाहिए तथा यदि कोई भी चिंताजनक घटना कैमरे में दर्ज होती है तो पुलिस से संपर्क करना प्रधानाचार्य की जिम्मेदारी होगी।

### मनपा के स्कूलों में सीसीटीवी

मनपा के सभी स्कूलों में सीसीटीवी सिस्टम पहले ही चालू कर दिया गया है। इसके अलावा इस बात पर भी जोर दिया जाएगा कि स्कूल में नियुक्त किए जाने वाले सफाई कर्मचारियों और सुरक्षा गार्डों में अधिकतम संख्या महिलाएं होंगी।

### कर्मचारियों का चरित्र सत्यापन

मनपा प्रशासन ने पिछले कुछ महीनों के दौरान सभी स्थायी और संविदा कर्मचारियों के चरित्र सत्यापन कराने का निर्देश जारी किया था। अब से मनपा स्कूलों में केवल चरित्र सत्यापन कराने वाले कर्मचारियों की ही नियुक्ति की जाएगी।

### सभी शिक्षकों को देंगे प्रशिक्षण

मीरा-भाईंदर नगर पालिका आयुक्त संजय श्रीपतराव काटकर ने कहा कि मनपा स्कूलों के सभी शिक्षकों के लिए अगले सप्ताह प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इसमें शिक्षकों को निर्देश दिए जाएंगे कि वे अपनी कक्षा में बच्चों पर कड़ी नजर रखें, साथ ही स्कूल में काम करने वाले स्टाफ पर भी नजर रखें, ताकि बच्चों के आचरण और व्यवहार में होने वाले बदलाव पर नजर रखी जा सके।

## बच्चे की कुकर्म के बाद हत्या में फरार आरोपी गिरफ्तार



**मुंबई/नई दिल्ली।** कमला मार्केट पुलिस ने मुंबई में बच्चे की कुकर्म कर हत्या कर फरार आरोपी को बुधवार को स्वामी श्रद्धानंद मार्ग (जीबी रोड) इलाके से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान विपुल सिकंदरी के तौर पर हुई है। मुंबई पुलिस को इस गिरफ्तारी की सूचना दे दी गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने वर्ष 2012 में पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में अपनी पत्नी की हत्या की थी। वर्ष 2020 में कोविड के दौरान पैरोल मिलने पर वह छह माह तक स्वामी श्रद्धानंद मार्ग (जीबी रोड) इलाके में रहा। वह पैरोल जम्प कर मुंबई चला गया। इसी साल 28 जनवरी को उसने मुंबई के खरगंगा इलाके में 12 साल के बच्चे का अपहरण कर उसके साथ कुकर्म किया। फिर हत्या कर रेलवे ट्रैक पर शव फेंक दिया। आरोपी बचने के लिए देशभर के अलग-अलग हिस्सों में छिपता रहा। बुधवार को स्वामी श्रद्धानंद मार्ग (जीबी रोड) इलाके में हेडकांस्टेबल अंकुश एवं हेडकांस्टेबल शेखर ने उसे संदिग्ध हालत में देखा तो हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसके बाद मामले का खुलासा हुआ।

# पवई में फटा पाइपलाइन

## कई स्थानों पर पानी की होगी किल्लत

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

पवई में एक पाइपलाइन फटने की घटना ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। दरअसल पवई के गौतम नगर इलाके में 1 बजे पानी का पाइपलाइन फट गया। इसके फटने के साथ ही 15-20 फीट ऊंचा पानी का फव्वारा दिखाई देने लगा। इस कारण हजारों लीट पानी बर्बाद हो गया, जिस कारण शहर में दादर, अंधेरी पूर्व, कलीना, बांद्रा पूर्व क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति प्रभावित रहेगी। बीएमसी के मुताबिक, पवई एंकर ब्लॉक के पास तानसा की 1800 मिमी व्यास वाली पाइपलाइन में दरार आ गई। इस कारण पानी की बर्बादी को रोकने के लिए पानी के वॉल्व को तुरंत बंद कर दिया गया।



### पवई में फटी पानी की पाइपलाइन

बीएमसी के अधिकारियों ने कहा कि मुख्य लाइन के क्षतिग्रस्त हिस्से को अलग करने का फैसला लिया गया है, जो पवई एंकर ब्लॉक से मरोशी टनल शाफ्ट तक जाती है। अधिकारी पानी के रिसाव की मरम्मत करने और जल्द से जल्द सामान्य जल आपूर्ति को बहाल करने की कोशिश में जुटे हुए हैं। ऐसे में 23 अगस्त और 24 अगस्त को कुछ स्थानों पर पानी की आपूर्ति कम और कुछ स्थानों पर पानी की आपूर्ति बंद रहेगी। अधिकारियों ने बताया कि रिसाव मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। इसके प्रभाव में आने वाले क्षेत्र के नागरिकों से अपील है कि वे पानी का उपयोग ठीक ढंग से और सावधानी पूर्वक करें।

### कम दबाव से होगी पानी की जल आपूर्ति

अधिकारियों ने कहा कि मरम्मत में लगने वाले समय के कारण एच ईस्ट, के ईस्ट, जी नॉर्थ और एस सेक्शन में पानी की आपूर्ति प्रभावित होगी। इस कारण 23 और 24 अगस्त को कुछ स्थानों पर कम दबाव से पानी की आपूर्ति होगी। वहीं कुछ स्थानों पर पानी की सप्लाई बंद ही रहेगी। संबंधित क्षेत्र के नागरिकों से बीएमसी ने अपील करते हुए कहा कि पानी का उपयोग संयमित ढंग से करें। साथ ही नगर प्रशासन का सहयोग करें।

बता दें कि इस घटना का हमारे पास वीडियो भी है, जिसमें पाइपलाइन के फटने के बाद तेज फव्वारे आसमान में उड़ते दिखाई देते हैं।

# लोकल की तरह मोनो और मेट्रो ट्रेन में हो लगेज डिब्बा

## डब्बावाला एसोसिएशन ने MMRDA से की बड़ी मांग

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

मुंबई की आबादी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। लोकल ट्रेनों के भीड़ की तस्वीर किसी से नहीं छिपी है। इसी भीड़ को नियंत्रित करने के दृष्टिकोण से मुंबई में मोनो लाई गई थी, जिसके बाद अब मेट्रो का जाल बिछाया जा रहा है। वर्तमान में मुंबई में 3 और नवी मुंबई में एक मेट्रो लाइन चल रही है। मेट्रो में लोगों के लिए कई आरामदायक व्यवस्था दी गई है। लेकिन मुंबई के डब्बे वालों का मानना है कि मुंबई सिर्फ कॉर्पोरेट लोगों की ही नहीं है, बल्कि आम इंसान और डिब्बे वालों की भी है, जो लोगों तक खाना पहुंचाते है। लोकल ट्रेनों में तो लगेज का डिब्बा दिया हुआ है। इस वजह से डिब्बे वालों को काफी सहूलियत होती है। लेकिन मुंबई की मोनो और मेट्रो में यह व्यवस्था नहीं दी गई है। डिब्बे वालों ने यह मांग की है कि लोकल ट्रेनों की तरह मोनो और मेट्रो में भी लगेज डिब्बा दिया जाए, ताकि डिब्बे वालों को भी इसका फायदा मिल सके।





### एमएमआरडीए कमिश्नर को लिखा गया पत्र

मुंबई डब्बावाला एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष तालेकर ने एमएमआरडीए कमिश्नर को लिखे पत्र में कहा कि "हमारे साहब लोग मोनो और मेट्रो से ऑफिस जा सकते हैं, लेकिन हम उनका टिफ़िन मोनो या मेट्रो से ऑफिस नहीं ले जा सकते। वर्तमान में बीकेसी से आरे तक चलने वाली अंडरग्राउंड मेट्रो 3 का काम पूरा हो चुका है। जल्द ही उद्घाटन किया जाएगा। इसलिए यह मांग की गई है कि या तो डिब्बे वालों को थोड़ा- बहुत सामान ले जाने की अनुमति दी जा या फिर लगेज डिब्बा लगाया जाए।"

### क्या है डब्बावाला एसोशिएशन ?

इस सेवा की शुरुआत ब्रिटिश राज के दौरान 1890 के दशक में एक ज़रूरत के तौर पर हुई थी। जो लोग अपने घर से दूर काम करने जाते थे इसके उन्हें सुबह ही घर से निकल जाना पड़ता था ऐसे में सुबह खाना नहीं बना तो वह घर का खाना नहीं खा पाते थे। इस समस्या को दूर करने के लिए डब्बावाला सेवा शुरू की गई।

### कैसे काम करते है डब्बावाले ?

डब्बावाला एसोशिएशन के कर्मचारी आपके घर से घर बना खाने का टिफिन आपके ऑफिस या काम करने वाली जगह पर पहुंचाते है। डब्बावाले पूरे मुंबई में 3 घंटे में खाना पहुंचाते हैं। इस अवधारणा का उपयोग करते हुए डब्बावालों ने आपके पार्सल को उसी दिन पहुंचाने के लिए नई तकनीकों का उपयोग करते हुए नया ऐप "पेपर्स और पार्सल" शुरू किया है।

# NCP से कोई मुख्यमंत्री नहीं बनेगा, मैं भी रेस में नहीं: पवार

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले शरद पवार ने महा विकास अघाड़ी में मुख्यमंत्री पद को लेकर बड़ा बयान दिया है। पुणे में एनसीपी (शरद पवार) के नेता शरद पवार ने उद्धव ठाकरे और संजय राउत की मांग पर कहा कि उनकी पार्टी एनसीपी से कोई मुख्यमंत्री नहीं बनेगा और मैं ख़ुद भी मुख्यमंत्री नहीं बनूंगा। शरद पवार ने कहा कि राज्य में सत्ता परिवर्तन करना ही पहला लक्ष्य है। मुख्यमंत्री कौन होगा। कौन नहीं होगा ये सवाल अभी खड़ा करना उचित नहीं है।



### अक्टूबर-नवंबर में हो सकते हैं चुनाव

288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा के लिए चुनाव अक्टूबर-नवंबर में होने की संभावना है। इसके लिए सभी पार्टियां अभी से ही तैयारियां शुरू कर दी हैं। अभी हाल में ही उद्धव ठाकने कहा था कि अगर कांग्रेस और शरद पवार की एनसीपी के पास कोई सीएम का चेहरा है तो बताएं मैं उनका समर्थन करूंगा। शरद पवार का यह बयान उद्धव के इसी बयान के बाद आया है।

### मेरी पार्टी में कोई मुख्यमंत्री पद को लेकर इच्छुक नहीं: पवार

शरद पवार ने कहा कि मेरी पार्टी में कोई मुख्यमंत्री पद को लेकर इच्छुक नहीं है। न ही हम किसी का चेहरा प्रोजेक्ट करना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि राज्य में सत्ता परिवर्तन हो। हम जनता के भलाई के लिए अच्छी सरकार देना चाहते हैं। सत्ता परिवर्तन करना हमारी पहली प्राथमिकता है। अभी मुख्यमंत्री कौन होगा कौन नहीं सवाल खड़े करने का कोई मतलब नहीं है। हमारे में से तो कोई नहीं होगा मैं तो बिलकुल नहीं रहूंगा। जनता सत्ता परिवर्तन करना चाहती है और उसी पर हमें ध्यान केंद्रित करना है।

### लोकसभा चुनाव में किया था दमदार प्रदर्शन

बता दें कि शरद पवार की एनसीपी विपक्षी ब्लॉक महा विकास अघाड़ी (एमवीए) का हिस्सा है, जिसमें उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस भी शामिल हैं। इस गठबंधन ने राज्य में 48 सीटों में से 30 सीटें जीतकर लोकसभा चुनावों में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। भाजपा, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन को केवल 17 सीटों से ही संतोष करना पड़ा।

# नेपाल बस दुर्घटना: पीड़ितों को वापस लाने के प्रयास जारी: फडणवीस

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि मध्य नेपाल में एक भारतीय पर्यटक बस के राजमार्ग से पलट कर 150 मीटर नीचे नदी में गिर जाने की घटना के संबंध में मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बस में सवार यात्री राज्य के जलगांव जिले के थे और उनके शव वापस लाने के प्रयास जारी हैं। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में फडणवीस ने 14 यात्रियों की मौत पर शोक व्यक्त किया और कहा कि राज्य सरकार ने नेपाल में स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क किया है। उन्होंने कहा कि यात्री जलगांव के हैं। जिलाधिकारी पीड़ितों और जीवित बचे हुए लोगों को वापस लाने के लिए उत्तर प्रदेश के महाराजगंज के जिलाधिकारी के संपर्क में हैं।

### मर्स्यांगदी नदी में गिरी पर्यटक बस



अधिकारियों ने बताया कि मध्य नेपाल में एक भारतीय पर्यटक बस के राजमार्ग से फिसलकर 150 मीटर नीचे मर्स्यांगदी नदी में गिर जाने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई तथा 16 अन्य घायल हो गए। यह बस गोरखपुर से चली थी और पोखरा से होते हुए काठमांडू की ओर जा रही थी, तभी यह तनहुन जिले के आइना पहारा में राजमार्ग से पलट गई। बस पर उत्तर प्रदेश की नंबर प्लेट थी और उसमें चालक और सह-चालक समेत 43 लोग सवार थे।

### राहत एवं पुनर्वास मंत्री अनिल पाटिल ने क्या कहा ?

महाराष्ट्र के राहत एवं पुनर्वास मंत्री अनिल पाटिल ने कहा कि राज्य सरकार दुर्घटना के पीड़ितों और जीवित बचे लोगों को वापस लाने के लिए उत्तर प्रदेश के राहत आयुक्त और काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के संपर्क में है। पाटिल ने कहा, 'ऐसा कहा जा रहा है कि अधिकतर यात्री जलगांव जिले से हैं। हम पुष्टि करने का प्रयास कर रहे हैं। हम उत्तर प्रदेश के राहत आयुक्त और नेपाल में स्थित भारतीय दूतावास के संपर्क में हैं तथा हमने उन्हें बताया है कि जिलाधिकारी पीड़ितों और जीवित बचे लोगों की वापसी सुनिश्चित करेंगे।'


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

क्र.एसीआरसी/1080/एईएम दि.23/08/2024

**संक्षिप्त ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई मनपा के आयुक्त नीचे दिखाए गए कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| अनु. क्र. | कार्य का नाम | ईएमडी (रु.) | बोली की आरंभ तिथि और समय | जमा करने की अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बोली नं.2024_एमसीजीएम_1067642<br>कार्य का नामः- बोरीवली पूर्व के आर/सेंट्रल वार्ड में सीटीआईआरसी में गणेशोत्सव 2024 के लिए वाटरप्रूफ मंडप, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था आदि प्रदान करना। | रु.15,000/- | 24/08/2024 को 09.00 बजे | 29/08/2024 को 09.00 बजे तक |
| 2. | बोली न.2024_एमसीजीएम_1067640<br>कार्य का नामः- बोरीवली पूर्व के आर/सेंट्रल वार्ड में कुलुपवाडी में गणेशोत्सव 2024 के लिए वाटरप्रूफ मंडप, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था आदि प्रदान करना। | रु.13000/- | | |
| 3. | बोली न.2024_एमसीजीएम_1066963<br>कार्य का नामः- बोरीवली पूर्व के आर/सेंट्रल वार्ड में नेशनल पार्क में गणेशोत्सव 2024 के लिए वाटरप्रूफ मंडप, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था आदि प्रदान करना। | रु.20,000/- | | |

निविदा शर्त के अनुसार अपेक्षित जांच शुल्क आर/सेंट्रल वार्ड कार्यालय में भुगतान किया जाना है।
कृपया अधिक जानकारी के लिए https://mahatenders.gov.in देखें।

पीआरओ/1049/विज्ञा./2024-25

हस्ता./
सहायक अभियंता(मेंटेन.) आर/सेंट्रल

समय पर निदान, बचाएं प्राण

संपादकीय

# महिला सुरक्षा का प्रश्न

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक की यौन हिंसा के बाद हुई हत्या ने एक बार फिर साबित किया है कि देश में कामकाजी महिलाओं के लिये कार्यस्थल पर परिस्थितियां कितनी असुरक्षित हैं। वह भी इतनी भयावह कि कार्यस्थल पर ही प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ यह सब वीभत्स घट जाता है। निश्चित रूप से कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न मानव अधिकारों का सरासर उल्लंघन ही है। कार्यस्थल पर महिलाओं के लिये सुरक्षा अनुकूल वातावरण बनाने के मद्देनजर विशाखा दिशा-निर्देश जारी करने के सत्ताईस साल बाद अब सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को डॉक्टरों की सुरक्षा को संस्थागत बनाने के लिये तुरंत कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। वहीं दूसरी ओर देश की सर्वोच्च अदालत के निर्देश के अनुपालन हेतु गठित एक राष्ट्रीय टास्क फोर्स को चिकित्सा पेशवरों की सुरक्षा, महिला चिकित्सकों के लिये अनुकूल कामकाजी परिस्थितियां बनाने तथा उनके हितों की रक्षा के लिये प्रभावी सिफारिशें तैयार करने का काम सौंपा गया है। विश्वास किया जाना चाहिए कि ये सिफारिशें यदि जमीनी स्तर पर भी प्रभावी साबित हुईं तो किसी भी पेशे में कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा के लिये असरकारी साबित होंगी। लेकिन यह तभी संभव है जब सभी हितधारक एक स्तर पर एकजुट होकर इस दिशा में काम करेंगे। निस्संदेह, किसी भी दुर्भाग्यपूर्ण घटना होने के वक्त तमाम तरह के उपक्रम होते हैं, लेकिन कुछ समय बाद सब कुछ ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। यही वजह है कि नई कार्ययोजना बनाते समय इस बात का आकलन करने की सख्त जरूरत महसूस की जा रही है कि महिला सुरक्षा को लेकर मौजूदा कानून और दिशा-निर्देश जमीनी स्तर पर बदलाव लाने में कितने सफल रहे हैं। सही मायनों में कानून बनाने और दिशा-निर्देश जारी करने से ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि उनका अनुपालन कितने पारदर्शी व संवेदनशील दृष्टि से किया जाता है। साथ ही विगत के अनुभवों से भी सबक लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं कि वर्ष 2012 के निर्भया कांड के बाद देश में कोलकाता कांड में भी उसी तरह की तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई है। जिसके बाद आवश्यकता महसूस की गई कि ऐसे क्रूर अपराधियों को सख्त से सख्त सजा देने वाले कानून लाये जाएं। कालांतर देश में यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम अस्तित्व में आया। दरअसल, महिलाओं के लिये सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ ही विशाखा दिशा-निर्देशों के विस्तार के रूप में इसे अधिनियमित किया गया। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले साल, देश की शीर्ष अदालत ने इस अधिनियम के क्रियान्वयन के संबंध में गंभीर खामियों की ओर इशारा किया था। साथ ही इससे जुड़ी अनिश्चितताओं की ओर भी संकेत दिया था। इसके उदाहरण के रूप में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं के कार्यान्वयन के लिये केंद्र सरकार द्वारा स्थापित निर्भया फंड अक्सर नकारात्मक कारणों से सुर्खियों में रहा है। जिसमें आवंटित धन का पर्याप्त रूप में उपयोग न करना या फिर इस आवंटित धन का दुरुपयोग होना शामिल है। करीब एक दशक में देश के विभिन्न राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के लिये महिला सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये आवंटित धनराशि का लगभग छिहत्तर फीसदी धन ही खर्च हो पाया है। निश्चित रूप से महिला सुरक्षा की ऐसी चुनौतियों के बीच कम धन का खर्च होना एक विडंबना ही कही जाएगी। वहीं इस दौरान देश में दर्ज किये गए बलात्कार के मामलों की संख्या में केवल नौ फीसदी की ही गिरावट दर्ज की गई है। निश्चित रूप से महिलाओं की सुरक्षा को लेकर शुरू की जाने वाली किसी भी नई पहल पर इन तमाम गंभीर तथ्यों को ध्यान में रखना बेहद जरूरी है। इसमें दो राय नहीं कि महिलाओं की सुरक्षा और कार्यबल में उनकी बड़ी भागीदारी तब तक अधूरी कही जाएगी, जब तक हम न केवल अपराधियों के खिलाफ बल्कि उन अधिकारियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई नहीं करते, जो अपने कर्तव्य पालन में लापरवाही के लिये दोषी पाये जाते हैं।

# सियासी उथल-पुथल में भी आर्थिक संबंध सुचारु रखने की जरूरत



**जी. पार्थसारथी**

अपने दक्षिण एशियाई पड़ोसियों के साथ भारत के संबंधों की सबसे महत्वपूर्ण विशेषताओं में एक यह है कि जब से 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में बांग्लादेश का जन्म हुआ, उसके साथ हमारे संबंध घनिष्ठ बने रहे। पश्चिमी अर्थशास्त्री तभी से दावा करने लगे थे कि बांग्लादेश की नियति 'अंतर्राष्ट्रीय भिखारी' होना तय है और उसका गुजारा सदा विदेशी सहायता पर निर्भर रहेगा। तथापि, बांग्लादेश का आर्थिक प्रदर्शन पाकिस्तान से कहीं बेहतर रहा। शेख हसीना के शासनकाल के दौरान, पिछले दो वर्षों में वार्षिक आर्थिक विकास दर लगभग 6 प्रतिशत रही वहीं 2023 में पाकिस्तान की वृद्धि दर 2.38 प्रतिशत थी।

प्रचलित धारणा के विपरीत, जो बात उभरकर सामने आई कि हसीना और उनकी सरकार ने बांग्लादेशी अर्थव्यवस्था की आर्थिक वृद्धि दर में अच्छा प्रदर्शन कर दिखाया। पश्चिमी प्रचार के उलट,बांग्लादेश की बजाय पाकिस्तान 'अंतर्राष्ट्रीय भिखारी' बन गया,जो आज विदेशी सहायता पर अत्यधिक निर्भर है। अफगानिस्तान संघर्ष समाप्त होने के बाद से, अरब सागर और फारस की खाड़ी क्षेत्र में पाकिस्तान खुद को रणनीतिक समीकरणों को नियंत्रित करने वाली एक महत्वपूर्ण शक्ति होने का दावा करना जारी नहीं रख सकता।

बांग्लादेश की घटनाओं का विश्लेषण करते समय जिस महत्वपूर्ण कारक को ध्यान में रखा जाना चाहिए वह यह कि स्पष्टतः हाल के दिनों में हसीना को हटाने के लिए हुआ 'सत्ता परिवर्तन' राजनीतिक कारणों से था, जिसमें साफ तौर पर पाकिस्तान की रुचि दिखी। हालांकि, पाकिस्तान के पास फिलहाल ऐसी कार्रवाइयों को अंजाम देने के लिए संसाधन या रणनीतिक कुव्वत नहीं है। उसका मुख्य जोर बांग्लादेश के इस्लामी संगठनों के साथ तालमेल बिठाने पर रहा है। जाहिर है इस प्रकार की 'सहायता' धार्मिक कट्टरवाद के उन्माद पर आधारित होती है, जिसकी व्याख्या पाकिस्तानी प्रतिष्ठान 'कट्टरपंथी इस्लाम' के रूप में करता है। आख़िरकार, पाकिस्तान ने किसी भी देश को आर्थिक रूप से मदद देने के लिए कहीं कुछ नहीं किया। अफगानिस्तान के आंतरिक मामलों में दखलअंदाज़ी करने के बावजूद, इसने अपने इस उत्तरी पड़ोसी मुल्क के लोगों के कल्याण हेतु जरा भी आर्थिक मदद नहीं की। आशा है, अपनी नाजुक आर्थिक स्थिति के मद्देनज़र बांग्लादेश समझेगा कि अपने पड़ोसियों के साथ संबंधों में जटिलताएं या तनाव पैदा करने से बचना ही अक्लमंदी होगी।

अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार और नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस और सेना प्रमुख जनरल वकार-उज़-ज़मान, दोनों के सामने घरेलू स्थिति व्यवस्थित करने में पर्याप्त समस्याएं मुंह बाए खड़ी हैं। उम्मीद करें कि नई सरकार देश की समस्त सीमाओं पर, सीमा पारीय हिंसा या आतंकवाद को अनुमति न देने के प्रति सजग रहेगी। हालांकि, यह खुला रहस्य है कि 84 वर्षीय यूनुस का बिल क्लिंटन प्रशासन के दिनों से ही, तमाम अमेरिकी सरकारों के साथ अच्छे संबंधों का एक लंबा इतिहास है। ब्रिटिश प्रतिष्ठान के साथ भी उनके संबंध घनिष्ठ हैं। छोटे किसानों के लिए 'सूक्ष्म ऋण' रूपी उपाय को बढ़ावा देकर, बांग्लादेश के कृषि क्षेत्र में उनका योगदान उल्लेखनीय है। भारत के लिए, ढाका के साथ व्यापारिक, आर्थिक और नागरिकों के बीच आपसी संपर्क जारी रखना और उसका विस्तार करना उपयोगी होगा। आर्थिक और व्यापारिक संबंधों को जितना जल्द हो सके, पूरी तरह बहाल करना जरूरी है। बांग्लादेश के निर्यात-उन्मुख कपड़ा उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, विगत में भारत और उसके व्यापारिक प्रतिष्ठानों के बीच संबंध प्रगाढ़ होते चले गए, आगे इन्हें और मजबूत किया जाना चाहिए।

दिसंबर 1971 में, अपने जन्म के बाद से, बाहरी दुनिया के साथ बांग्लादेश के जो संबंध रहे, वह उसके ऐतिहासिक अनुभवों से अभिन्न रूप से जुड़े हुए थे। ऐसी चिंताएं भी हैं कि बांग्लादेश की दोनों नई व्यवस्थाओं (सेना और सरकार) के साथ अपने संबंध मजबूत करने में चीन की बढ़ती रुचि के अलावा उसके द्वारा बांग्लादेश एवं पड़ोसी म्यांमार में नौवहनीय अड्डा प्राप्त करने वाली अपनी नीतियां जारी रखने के चलते, भारत के लिए बांग्ला भूमि से होकर बंगाल की खाड़ी तक थलीय पहुंच मार्ग योजना में मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। इसके लिए, भारत बंगाल की खाड़ी में सित्त्वे बंदरगाह (म्यांमार) जैसी विकास परियोजनाओं का निर्माण संयुक्त रूप से करते हुए, म्यांमार और बांग्लादेश के साथ संपर्क माध्यमों को मजबूत करने में गहरी दिलचस्पी ले रहा है। इसके अतिरिक्त, भारत, बांग्लादेश और म्यांमार के बीच त्रिपक्षीय नौवहनीय सहयोग की रूपरेखा पर विचार करना सार्थक होगा, विशेषकर संचार और व्यापार में। यह ध्यान में रखने की जरूरत है कि चीन लंबे अर्से से बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से होकर, फारस की खाड़ी और उससे आगे के तेल सपंन्न अरब मुल्कों तक अपनी समुद्री पहुंच सुनिश्चित करने की फिराक में है। चीन के लिए अपनी बृहद रणनीतिक आकांक्षाओं की पूर्ति की राह में, बंगाल की खाड़ी से होकर वहां तक समुद्री पहुंच मार्ग और लंगर डालने की सुविधा को सुनिश्चित बनाए रखने का बहुत महत्व है। फिलहाल चीन को ऐसी पहुंच की सुविधा सिर्फ पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह तक ही उपलब्ध है। यह देखना बाकी है कि यूनुस चीन की समुद्री महत्वाकांक्षाओं से किस प्रकार निबटेंगे। हसीना के देश छोड़ने और भारत निर्वासन में बांग्लादेशी सेना ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इन परिस्थितियों में, स्वाभाविक है कि वक्त से साथ भारत और बांग्लादेश के बीच सामान्य राजनयिक गतिविधि और आर्थिक सहयोग फिर से शुरू होगा, जबकि ठीक इसी वक्त भारत अपनी भूमि से हसीना के प्रत्यर्पण वाली मांग पर साफ तौर पर इनकार जारी रखेगा। आख़िरकार, भारत ऐसा देश नहीं है जो उन लोगों को निराश करता है, जो उसके लंबे समय से मित्र रहे हैं।



सर्वप्रथम ऐसा ही समझें कि ब्रह्मा-आदिशक्ति के मन में आया, कि ये तीन तत्व अगर किसी तरह से एकसाथ जुट जायें और उनमें श्री गणेश जी की बालकता, उनकी अबोधिता, उनका इनोसन्स उतर जायें, तो हो सकता है कि एक बहुत बड़ा कार्य करने वाले गुरु इन से निर्माण हो।

सहज योग

## उत्थान के लिए गुरु जरूरी

'गुरुरब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः। गुरुः साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः ।' आद्यशक्ति ने जब सब सृष्टि की रचना की। सारी सृष्टि की रचना करने के बाद जैसे एक राजा अपना राज्य फैलाता है और उसके बाद भेष बदल के इस संसार को देखने आता है, इस तरह आदिशक्ति भी बार बार संसार में अवतरित हुई। लेकिन चाहे शक्ति कितनी भी ऊंची हो, उसे एक मनुष्य गुरु की जरूरत है।

मनुष्य का स्थान उस शक्ति से ही है। अगर शक्ति को मानव रूप धारणा करनी है, तो कभी उसे पिता के स्वरूप, कभी उसे भाई के विष्णु- महेश इन देवों से जब सारी सृष्टि की रचना की, उस वक्त इस संसार में फंसे हुए लोगों को बाहर निकालने का विचार स्वरूप, कभी उसे बेटे के स्वरूप पा कर ही वो संसार में आयी। सर्वप्रथम ऐसा ही समझें कि ब्रह्मा-आदिशक्ति के मन में आया, कि ये तीन तत्व अगर किसी तरह से एकसाथ जुट जायें और उनमें श्री गणेश जी की बालकता, उनकी अबोधिता, उनका इनोसन्स उतर जायें, तो हो सकता है कि एक बहुत बड़ा कार्य करने वाले गुरु इन से निर्माण हो।

सती अनसूया के रूप में उनका साक्षात हुआ। ये एक ही ऐसी सती संसार में हैं कि जिसने इन्सान के तारण का विचार किया। ये तीनों बालक अनसूया के पास, अनसूया का अर्थ है कि जिसमें असूया नहीं। जो किसी से मत्सर नहीं करती। जो सर्वथा प्रेम होता है, उसमें मत्सर आदि, क्रोध आदि ऐसे नगण्य, क्षुद्र विचारों का कहां से स्थान है। जिसमें कोई भी अनसूया नहीं, ऐसी अनसूया। इस की परीक्षा लेने के लिये ये तीनों भी, ऐसा कहा जाता है, इनके दरवाजे गये और उस वक्त उन्होंने अपने तेज बल से, ये तेज बल क्या था? कि यही मां का प्रेम अत्यंत, शक्तिशाली मां का प्रेम जो उन पर बरस पड़ा और वो छोटे बच्चे हो गये। उन्हीं का एकाकार स्वरूप श्रीदत्तमहाराज है। एक अजीब सी विभूति हैं। इसका की कितना भी वर्णन किया जायें वो कम है और समझाया जायें वो भी समझ से परे।

ऐसे त्रिगुणों से भरे ह्ये श्रीदत्तमहाराज आदिगुरु के रूप में संसार में आये और उन्होंने अनेक बार इसकी शिक्षा दी कि भवसागर को किस तरह से पार किया जायें । कल मैंने आपसे बताया है कि हम संसार में अनेक धर्म बना कर के लड़ाई कर रहे हैं। इसी एक श्रीदत्त के अवतार अनेक बार संसार में आये। उनमें से, जैसे कि मैंने आप से कल बताया था, राजा जनक, जो कि जानकी जी के पिता थे। वे भी और कोई नहीं थी, बल्कि इन्हीं दत्तात्रेय जी के अवतार थे। उसके बाद, मच्छिंद्रनाथ, आपने नाम सुना होगा। वे भी उन्हीं के अवतार हैं। उसके बाद झोराष्ट्र, जो तीन बार संसार में आये। ये भी उन्हीं के अवतार हैं।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

जीवन ऊर्जा

हॉवर्ड ज़िन : जन्म- 24 अगस्त 1922 — जन्म

## लोगों की शक्ति सत्ता में बैठे लोगों से कहीं ज्यादा है

हॉवर्ड ज़िन एक इतिहासकार और कार्यकर्ता थे, जो अपनी पुस्तक 'ए पीपल्स हिस्ट्री ऑफ़ द यूनाइटेड स्टेट्स' के लिए जाने जाते थे। उन्होंने आम लोगों की कहानियों और न्याय के लिए उनके संघर्षों पर ध्यान केंद्रित किया। ज़िन सामाजिक परिवर्तन के एक भावुक समर्थक थे और जमीनी स्तर के आंदोलनों की शक्ति में विश्वास करते थे। हॉवर्ड ज़िन का जन्म 24 अगस्त 1922 को हुआ था और उनकी मृत्यु 27 जनवरी 2010 को हुई।



आप चलती ट्रेन में तटस्थ नहीं रह सकते। लोगों की शक्ति सत्ता में बैठे लोगों से कहीं ज्यादा है। छोटे-छोटे काम, जब लाखों लोगों द्वारा किए जाते हैं, तो दुनिया को बदल सकते हैं। आशावादी होना दुनिया में सक्रिय रूप से शामिल होना है। आप किनारे पर खड़े होकर, रोते-बिलखते और शिकायत करते हुए प्रगति नहीं करते। आप विचारों को लागू करके प्रगति करते हैं। लोगों द्वारा अपनी शक्ति छोड़ने का सबसे आम तरीका यह सोचना है कि उनके पास कोई शक्ति नहीं है। शिक्षा का कार्य किसी व्यक्ति को गहनता से सोचना और आलोचनात्मक रूप से सोचना सिखाना है। दुनिया वैसी नहीं है जैसी दिखती है, और अगर आप इस पर सक्रिय रूप से सवाल नहीं उठा रहे हैं, तो आप पर्याप्त रूप से गहराई से नहीं सोच रहे हैं। हम यहाँ जितने कम समय में अपने जीवन के साथ जो करते हैं, वही हमें परिभाषित करता है। किसी भी जगह अन्याय हर जगह न्याय के लिए खतरा है। परिवर्तन न केवल संभव है, बल्कि अपरिहार्य भी है। आपको ऐसे कार्य करना होगा जैसे कि दुनिया को मौलिक रूप से बदलना संभव हो। और आपको इसे हर समय करना होगा। आप चलती ट्रेन में तटस्थ नहीं रह सकते, और ट्रेन हमेशा चलती रहती है। आशा निष्क्रिय अवस्था नहीं है। यह क्रियाशील अवस्था है। इतिहासकार की भूमिका सत्य की खोज करना है, किसी विशेष विचारधारा का समर्थक बनना नहीं। सच्चाई यह है कि हम सभी एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। अगर हममें से कोई पीड़ित है, तो हम सभी पीड़ित हैं। किसी चीज़ के खिलाफ़ होना ही काफी नहीं है। आपको किसी चीज़ के पक्ष में होना चाहिए।

परिवर्तन नीचे से ऊपर की ओर, जमीनी स्तर से आता है। जब लोग दृढ़ निश्चयी होते हैं, तो वे किसी भी चीज़ पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि लोगों को प्रेरित करने का प्रयास करें ताकि वे जो कुछ भी करना चाहते हैं, उसमें महान बन सकें। विद्रोह का हर कार्य एक बेहतर दुनिया की ओर एक कदम है। इतिहास केवल अतीत के बारे में नहीं है; यह हमारे वर्तमान का प्रतिबिंब है और हमारे भविष्य का मार्गदर्शक है। हमें वह परिवर्तन बनने का प्रयास करना चाहिए जो हम दुनिया में देखना चाहते हैं। शिक्षा का असली उद्देश्य जीविकोपार्जन करना नहीं, बल्कि बदलाव लाना सिखाना है। न्याय के लिए लड़ाई कभी आसान नहीं होती, लेकिन यह हमेशा सार्थक होती है।

प्रेरक प्रसंग

## ज्ञानपिपासु

एक गुरु के दो शिष्य थे। एक पढ़ाई में बहुत तेज और विद्वान था और दूसरा फिसड्डी। पहले शिष्य की हर जगह प्रसंशा और सम्मान होता था। जबकि दूसरे शिष्य की लोग उपेक्षा करते थे। एक दिन रोष में दूसरा शिष्य गुरू जी के जाकर बोला, "गुरूजी! मैं उससे पहले से आपके पास विद्याध्ययन कर रहा हूँ। फिर भी आपने उसे मुझसे अधिक शिक्षा दी।"



गुरुजी थोड़ी देर मौन रहने के बाद बोले, "पहले तुम एक कहानी सुनो। एक यात्री कहीं जा रहा था। रास्ते में उसे प्यास लगी। थोड़ी दूर पर उसे एक कुआं मिला। कुएं पर बाल्टी तो थी लेकिन रस्सी नही थी। इसलिए वह आगे बढ़ गया। थोड़ी देर बाद एक दूसरा यात्री उस कुएं के पास आया। कुएं पर रस्सी न देखकर उसने इधर-उधर देखा।पास में ही बड़ी बड़ी घास उगी थी। उसने घास उखाड़कर रस्सी बटना प्रारम्भ किया।थोड़ी देर में एक लंबी रस्सी तैयार हो गयी। जिसकी सहायता से उसने कुएं से पानी निकाला और अपनी प्यास बुझा ली।" गुरु जी ने उस शिष्य से पूछा, "अब तुम मुझे यह बताओ कि प्यास किस यात्री को ज्यादा लगी थी?" शिष्य ने तुरंत उत्तर दिया कि दूसरे यात्री को। गुरूजी फिर बोले, "प्यास दूसरे यात्री को ज्यादा लगी थी। यह हम इसलिए कह सकते हैं क्योंकि उसने प्यास बुझाने के लिए परिश्रम किया। उसी प्रकार तुम्हारे सहपाठी में ज्ञान की प्यास है। जिसे बुझाने लिए वह कठिन परिश्रम करता है। जबकि तुम ऐसा नहीं करते।" शिष्य को अपने प्रश्न का उत्तर मिल चुका था। वह भी कठिन परिश्रम में जुट गया।

शख्सियत — शिवराम राजगुरु

## महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी



शिवराम राजगुरु एक महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में प्रमुख भूमिका निभाई। वह उन महान भारतीय क्रांतिकारियों में से हैं जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उन्हें मुख्य रूप से ब्रिटिश राज पुलिस अधिकारी की हत्या में शामिल होने के लिए जाना जाता है।

राजगुरु का जन्म 24 अगस्त 1908 को खेड़ में एक मराठी देशस्थ ब्राह्मण परिवार में पार्वती देवी और हरिनारायण राजगुरु के घर हुआ था।अपने बचपन के दिनों से, उन्होंने शाही ब्रिटिश राज द्वारा भारत और उसके लोगों पर किए गए क्रूर अत्याचारों को देखा था। इससे उनके भीतर भारत के स्वतंत्रता संग्राम के लिए क्रांतिकारियों के साथ हाथ मिलाने की प्रबल इच्छा पैदा हुई।

अक्टूबर 1928 में साइमन कमीशन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में ब्रिटिश पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया, जिसमें अनुभवी नेता लाला लाजपत राय गंभीर रूप से घायल हो गए। अत्यधिक पिटाई के कारण लाला ने दम तोड़ दिया, जिससे क्रांतिकारियों के मन में प्रतिशोध की भावना भर गई। 18 दिसंबर, 1928 को फिरोजपुर, लाहौर में एक योजनाबद्ध प्रतिशोध लागू किया गया, जिसके कारण पुलिस उपाधीक्षक, जे.पी. सॉन्डर्स की हत्या कर दी गई। शिवराम राजगुरु, सुखदेव थापर के साथ, महान भगत सिंह के साथी थे जिन्होंने हमले का नेतृत्व किया था। इसके बाद राजगुरु नागपुर में छिप गये। एक आरएसएस कार्यकर्ता के घर में आश्रय लेते समय उनकी मुलाकात डॉ. के.बी. हेडगेवार से भी हुई। हालांकि, पुणे की यात्रा के दौरान, शिवराम को अंततः गिरफ्तार कर लिया गया। फिर भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर को उनके अपराध के लिए दोषी ठहराया गया और मौत की सजा सुनाई गई।

23 मार्च, 1931 को तीन बहादुर क्रांतिकारियों को फांसी दे दी गई, जबकि उनके शवों का सतलज नदी के तट पर अंतिम संस्कार किया गया। शिवराम राजगुरु केवल 23 वर्ष के थे जब वे शहीद हुए।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



## रामायण के वानर योद्धाओं का महत्व

रामायण में कई वानर योद्धा थे जिन्होंने भगवान राम की सेना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यहाँ कुछ प्रमुख वानर योद्धाओं के नाम हैं:

1. हनुमान - वानरों के सेनापति और भगवान राम के सबसे विश्वसनीय सेवक।
2. सुग्रीव - वानरों के राजा और भगवान राम के मित्र।
3. वाली - सुग्रीव का भाई और एक शक्तिशाली वानर योद्धा।
4. अंगद - वाली और सुग्रीव का पुत्र और एक बहादुर वानर योद्धा।
5. नील - वानर सेना के एक महत्वपूर्ण योद्धा और सुग्रीव के मित्र।
6. नल - वानर सेना के एक महत्वपूर्ण योद्धा और नील के भाई।
7. मैन्द - वानर सेना के एक महत्वपूर्ण योद्धा और सुग्रीव के मित्र।
8. द्विविद - वानर सेना के एक महत्वपूर्ण योद्धा और सुग्रीव के मित्र।
9. सुषेण - वानर सेना के एक महत्वपूर्ण योद्धा और सुग्रीव के मित्र।



10. केसरी - हनुमान के पिता और एक शक्तिशाली वानर योद्धा।
11. जाम्बवान् - वानर सेना के एक महत्वपूर्ण योद्धा और सुग्रीव के मित्र।
12. ज्योतिर्मुख । 13. दधिमुख। 14. गज। 15. गवाक्ष। 16. गवय। 17. हर।
18. पनस। 19. शरभ। 20. रम्भा
21. श्वेत। 22. शतबलि।
23. प्रमाथी। 24. क्रथन। 25. संनादन।
26. दम्भ। 27. धूम्र -- यह रीछ था।
28. तार। 29. क्रोधन।

ये सभी वो वानर हैं जो श्रीराम की सेना में थे और प्रत्येक वानर के भीतर १०,००० से अधिक हाथियों का बल था
सुग्रीव के भीतर --७०,००० हाथियों का बल था। जाम्बवान के भीतर १ लाख १० हजार हाथियों का बल था। नल के भीतर ३०,००० और नील के भीतर ४०,००० हाथियों का बल था।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# तितलियां चखती हैं अपने पांव से स्वाद

## रंगीन पंखों में छुपा है ये राज़



तितलियां सिर्फ अपनी खूबसूरती के लिए नहीं जानी जातीं; उनके पास एक अनोखी क्षमता भी है! क्या आप जानते हैं कि तितलियां अपने पैरों से स्वाद चखती हैं? यह सचमुच हैरान करने वाली बात है! जब तितली एक फूल पर बैठती है, तो उसकी टांगें फूल के रस का स्वाद पहचानती हैं। अगर फूल का रस मीठा होता है, तो तितली अपनी लम्बी प्रोस्बिस (ट्यूब जैसी जीभ) से उसे चख लेती है। इस अद्भुत विशेषता के साथ, तितलियां तेजी से सही फूल खोज लेती हैं और अपने भोजन की तलाश को आसान बना लेती हैं। यह प्रकृति की एक बेहतरीन चमत्कार है! आइए इस अविश्वसनीय विशेषता के बारे में जानें!

### तितलियां अपने पैरों से कैसे स्वाद लेती हैं?

तितलियों के पैरों में स्वाद सेंसर होते हैं, जिन्हें ₹केमोरिसेप्टर₹ कहा जाता है। ये छोटे सेंसर उन्हें अपने मुंह का इस्तेमाल किए बिना चीज़ों का स्वाद लेने में मदद करते हैं। जब कोई तितली किसी फूल या पत्ते पर उतरती है, तो वह अपने पैरों से सतह को छूती है। उनके पैरों पर मौजूद केमोरिसेप्टर यह पता लगाते हैं कि सतह मीठी है या नहीं। अगर सतह स्वादिष्ट है और उसमें सही तरह का भोजन है, तो तितली अमृत पीने के लिए अपनी सूंड (एक लंबी, ट्यूब जैसी मुंह वाली चीज) का इस्तेमाल करेगी।

### तितलियां अपने पैरों से स्वाद क्यों लेती हैं?

तितलियां अपने पैरों से स्वाद लेती हैं क्योंकि इससे उन्हें खाने के लिए सबसे अच्छे फूल और पौधे खोजने में मदद मिलती है। फूलों से निकलने वाला रस उनका मुख्य भोजन स्रोत है, और यह उन्हें उड़ने और सक्रिय रहने के लिए आवश्यक ऊर्जा प्रदान करता है। अपने पैरों से चखकर, तितलियां जल्दी से यह निर्धारित कर सकती हैं कि कोई फूल उनके लिए अच्छा है या नहीं।

यह विधि तितलियों के लिए बहुत कारगर है। उन्हें अपनी सूंड से हर फूल को चखने में समय बर्बाद नहीं करना पड़ता। इसके बजाय, वे किसी फूल पर उतर सकती हैं, अपने पैरों से उसका स्वाद ले सकती हैं, और तय कर सकती हैं कि क्या यह आगे की खोज के लायक है। इससे उनका भोजन की तलाश बहुत तेज़ और आसान हो जाती है।

### वे अपनी सूंड का उपयोग कैसे करती हैं?

एक बार जब तितली अपने पैरों का उपयोग करके यह निर्धारित कर लेती है कि कोई फूल रस का अच्छा स्रोत है, तो वह अपनी सूंड को खोल देती है। सूंड एक स्ट्रॉ की तरह काम करती है, जिससे तितली फूल से मीठा रस पी सकती है। इस प्रक्रिया को ₹फ़ीडिंग₹ या ₹नेक्टर-फ़ीडिंग₹ कहा जाता है। सूंड बहुत लंबी या छोटी हो सकती है, जो तितली के प्रकार और जिस तरह के फूलों से वह भोजन करती है, उस पर निर्भर करती है।

### तितलियों के बारे में आश्चर्यजनक तथ्य

**फूलों की विविधताः** अलग-अलग तितलियां अलग-अलग तरह के फूल पसंद करती हैं। कुछ तितलियां चमकीले रंग के फूल खाना पसंद करती हैं, जबकि अन्य विशिष्ट आकार या गंध वाले फूल पसंद करती हैं।

**छोटा जीवनकाल :** तितलियों का जीवन काल अपेक्षाकृत छोटा होता है, आमतौर पर सिर्फ़ कुछ हफ़्ते। इस दौरान उन्हें संभोग और अंडे देने के लिए ऊर्जा इकट्ठा करने के लिए बहुत कुछ खाने की जरूरत होती है।

**रंगीन पंखः** तितली के पंखों पर रंग और पैटर्न साथी को आकर्षित करने में मदद करते हैं और शिकारियों को भी डरा सकते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये रंग उनकी खाने की आदतों में भी भूमिका निभाते हैं?

**परागण कर्ताः** तितलियां महत्वपूर्ण परागण करते हैं। जैसे-जैसे वे एक फूल से दूसरे फूल पर जाती हैं, वे पराग फैलाकर पौधों को प्रजनन करने में मदद करती हैं।

**- नीलम रामअवध**

---

**पंचतंत्र की कहानी**



बहुत समय पहले की बात है, एक गांव में दो गधे रहते थे। एक गधा था, जो हर समय काम करता था और दूसरा गधा आलसी था। दोनों गधे अपने मालिकों के लिए काम करते थे। एक दिन, दोनों गधे एक साथ काम करने के लिए निकले।

पहले गधे का मालिक उसे हमेशा हल्की बोझ के साथ काम करता था। लेकिन आलसी गधा हमेशा भारी बोझ उठाने को मजबूर होता था। यह गधा अपने भाग्य को लेकर बहुत शिकायत करता था, जबकि दूसरा गधा खुश रहता था।

एक दिन, जब दोनों गधे एक साथ चल रहे थे, आलसी गधा बोझ से थक कर चिल्लाया, "मैं इस भारी बोझ को और नहीं सह सकता। मैं आराम करने जा रहा हूँ। तुम मेरे साथ क्यों नहीं आ सकते?"

पहले गधे ने उत्तर दिया, "मुझे बहुत अच्छा लगता है कि मैं हल्के बोझ के साथ काम करता हूँ। तुम्हें भारी बोझ क्यों उठाना पड़ता है, यह सोचो!"

आलसी गधा गुस्से में बोला, "यह सब किस्मत की बात है! मुझे हमेशा भारी बोझ ही मिलता है। तुम हमेशा खुश रहते हो। तुम्हारी किस्मत अच्छी है!"

पहले गधे ने कहा, "जैसा तुम सोचते हो, वही बन जाता है। तुम्हारी आलसी आदतें तुम्हारी किस्मत को बदल देती हैं। अगर तुम मेहनत करोगे और सही समय पर काम करोगे, तो तुम्हारी किस्मत भी बदल सकती है।"

आलसी गधा गुस्से में चुप हो गया और सोचने लगा। उसके बाद, उसने भी मेहनत करने का निर्णय लिया और काम करने लगा। धीरे-धीरे, उसकी स्थिति भी बेहतर हो गई, और उसे भी हल्के बोझ के साथ काम मिलने लगा।

**सीख :** मेहनत और लगन से काम करने से ही सफलता और खुशहाली प्राप्त होती है। आलसी आदतें हमारी किस्मत को बिगाड़ देती हैं, लेकिन मेहनत करने से हम अपनी किस्मत को भी बदल सकते हैं।

---

**कविता**

## सपनों का जहान

चलो चलें सपनों के जहान,
जहाँ हो खुशियों की पहचान।
जहाँ परियों की हो रानी,
और हो जादू की कहानी।

रंग-बिरंगी तितलियाँ उड़ें,
हर फूल पर बूँदें झरें।
नीले आसमां में हों तारे,
बाँटें सबको उजियारे।

चाँद मामा हँसते आएँ,
तारों संग खेलें जाएँ।
बच्चे सब मिलकर गाएँ,
नाचें और खुशियाँ मनाएँ।

चिड़ियाँ मीठे गीत सुनाएँ,
सूरज अपनी किरणें फैलाएँ।
हर ओर हो हँसी का मेला,
खुशियों से भरा हो दिल का रेला।

हर बच्चा हो राजा यहाँ,
दिल में न हो कोई भी ग़म।
प्यारे सपनों का ये जहान,
सबका प्यारा हिंदुस्तान।

चलो चलें सपनों के जहान,
जहाँ हो खुशियों की पहचान।
मिलजुल कर रहें सभी,
साथ में बुनें खुशियों की कहानी!



---

**लघु कहानी**

# जादुई बैकपैक



एक बार की बात है, सैम नाम का एक छोटा लड़का था जिसे रोमांच पसंद था। एक दिन, अपनी अटारी में खेलते समय, उसे एक पुराना, धूल भरा बैग मिला। यह देखने में बहुत सामान्य लग रहा था, लेकिन जब उसने इसे खोला, तो उसने अंदर एक नोट देखा, जिस पर लिखा था, "यह एक जादुई बैकपैक है। यह आपके सपनों को साकार करेगा!"

उत्साहित होकर सैम ने बैकपैक का परीक्षण करने का निर्णय लिया। उसने अपनी आँखें बंद कर लीं और एक बड़ी, रंगीन पतंग की कामना की। जब उसने बैकपैक खोला तो उसमें से सबसे सुंदर पतंग निकली जो उसने कभी नहीं देखी थी! वह आकाश में ऊँचा उड़ गया, और सैम खुशी से इधर-उधर दौड़ने लगा।

अगले दिन, सैम पिकनिक पर जाना चाहता था। वह स्वादिष्ट भोजन से भरी पिकनिक टोकरी की कामना करता था। उसे आश्चर्य हुआ, बैकपैक ने उसे वह सब कुछ दिया जिसकी उसे ज़रूरत थीः सैंडविच, फल, और यहाँ तक कि एक आरामदायक कंबल भी। सैम और उसके दोस्तों ने पार्क में शानदार पिकनिक मनाई।

जल्द ही सैम का जादुई बैग उसका सबसे अच्छा दोस्त बन गया। इसने उसे होमवर्क करने में मदद की, उसकी छोटी बहन को खिलौने दिए और यहां तक कि इनडोर गेम्स के साथ बरसात के दिनों को भी मजेदार बना दिया। वह जो भी चाहता था, बैग उसे दे सकता था।

एक दिन सैम ने कुछ खास करने की इच्छा की। वह अपने जादू को गांव के सभी लोगों के साथ साझा करना चाहता था। इसलिए, उसने बैग में खिलौने और मिठाइयां भरीं और उन्हें अपने दोस्तों और पड़ोसियों को दिया। हर कोई हैरान और आभारी था।

जादुई बैग ने सैम को सिखाया कि बांटना सबसे बड़ा जादू है। तब से, सैम ने अपने बैग का इस्तेमाल खुशी फैलाने और दूसरों की मदद करने के लिए किया, जिससे सभी के दिन थोड़े अच्छे हो गए।

---

## राशिफल

**प्रियंका जैन**

**मेष** — भाग्य का साथ रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विवाद से दूर रहें। कुसंगति से बचें। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**वृष** — शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड में सोच-समझकर हाथ डालें। जल्दबाजी न करें। समय अनुकूल है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा।

**मिथुन** — व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। समय का अपव्यय होगा। दूर से दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश होगा। काम में मन नहीं लगेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति विशेष से अनबन हो सकती है।

**कर्क** — कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे।

**सिंह** — दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर में प्रतिष्ठित अतिथियों का आगमन हो सकता है। व्यय होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय बनी रहेगी। दुष्टजनों से दूर रहें।

**कन्या** — व्यावसायिक यात्रा से लाभ होगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। निवेशादि शुभ रहेंगे। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। किसी बड़ी समस्या का हल प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें।

**तुला** — व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रु शांत रहेंगे। ऐश्वर्य पर खर्च होगा। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें।

**वृश्चिक** — प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। शुभ समाचार मिल सकता है। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा।

**धनु** — कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबारी नए अनुबंध हो सकते हैं, प्रयास करें। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी।

**मकर** — धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। पूजा-पाठ में मन लगेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता रहेगी। यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। राजभय रहेगा। जल्दबाजी व विवाद करने से बचें। थकान महसूस होगी।

**कुंभ** — कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक शिथिलता रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। किसी अपने का व्यवहार प्रतिकूल रहेगा। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। नौकरी में अधिकारी की नाराजी झेलना पड़ेगी।

**मीन** — किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कारोबारी लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में शांति रहेगी। सहकर्मियों का साथ मिलेगा। धनार्जन होगा। कष्ट, भय व चिंता का वातावरण बन सकता है। विवेक से कार्य करें। समस्या दूर होगी।

---

# भाग्य की बाधा कैसे दूर करें ?

सबसे पहले देखें कि आपकी कुंडली के नवम भाव में कौन सा ग्रह है, उस ग्रह की मजबूती और प्रसन्नता के उपाय करने से भाग्योदय की बाधा दूर होती है।

नवम भाव में बैठे ग्रह यदि शुभ हैं, जैसे सूर्य, चंद्र, बुध, गुरु, शुक्र हो तो ये शुभ है। अशुभ ग्रहों मंगल, शुक्र, शनि, राहु, केतु हो तो इनके उपाय बिलकुल ना करें।

रूद्राक्ष की माला से प्रतिदिन ठीक सूर्योदय के समय पूर्व की ओर मुंह करके सूर्य की उपस्थिति में गायत्री मंत्र का जाप करने से भाग्य प्रबल होता है।

प्रातःकाल उठकर माता-पिता, घर के बुजुर्ग, गुरु के चरण स्पर्श करने से भाग्योदय शीघ्र होता है।



वृद्धाश्रम, दिव्यांग होम, अनाथालय में समय-समय पर खाने की वस्तुएं, कपड़े दान करते रहें।

कोशिश करें कि सूर्यास्त के बाद ना तो किसी से उधार लें और ना उधार दें।

सप्ताह में किसी भी एक दिन अपने ईष्ट देव के मंदिर में दर्शन करने जरूर जाएं।

शिवजी का अभिषेक रूद्र अष्टाध्यायी से करने से भाग्य की बाधाएं दूर होती हैं।



प्रियंका जैन
9769994439

दो बजे दोपहर



## खबर संक्षेप

### अनियंत्रित होकर भूसा से भरा ओवरलोड पिकअप पलटा

**गुरारू।** गुरारू रेलवे क्रॉसिंग स्टेट हाइवे 69 बगडीहा मोड़ के समीप गुरुवार की देर रात को अहियापुर की ओर से गुरारू जा रहा भूसा से ओवरलोडेड पिकअप अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गया। वाहन पलटने से बड़ा हादसा होने से टल गया। बताया जा रहा है कि उक्त पिकअप पर ओवरलोडेड भूसा भरा हुआ था। इस दौरान चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और वाहन सड़क पर पलट गया। गनीमत रही कि कोई उक्त वाहन की चपेट में नहीं आया। मालूम हो अहियापुर गुरारू स्टेट हाइवे 69 रेलवे क्रॉसिंग का सड़क काफी जर्जर बना हुआ है। उक्त जर्जर सड़क पर प्रत्येक दिन गाड़ियों के पलटने और लोगों के घायल होने की घटना होती रहती है। जदयू नेता शंभु सिंह इस समस्या को जिलाधिकारी से अवगत करा चुके हैं। बता दें कि टिकारी एसडीओ सुजीत कुमार ने गुरुवार को शाम को ही इस सड़क का निरीक्षण किया। इस पर विभागीय पदाधिकारियों ने तीन से चार दिनों के अंदर काम शुरू करने का आश्वासन भी दिया है।

### मंदिर परिसर में गिरा तार, करंट से तीन मवेशी मरे

**साहिबगंज।** सदर प्रखंड के शोभनपुर भट्टा में लाल बाबा की मंदिर में शुक्रवार अहले सुबह बिजली का तार टूटकर गिरने से तार की चपेट में आकर तीन मवेशी मर गये। लाल बाबा ने बताया कि शुक्रवार सुबह तार मंदिर परिसर में गिरा। परिसर में कई गाय पहले से बंधी थी। तीन गाय के ऊपर बिजली का तार गिरने से तीनों की मौत हो गयी। वहीं, बीडीओ संजीव कुमार ने बताया कि दुर्घटना में मृत पशु का पोस्टमार्टम किया जायेगा। रिपोर्ट भेजी जायेगी। उन्होंने बताया कि मुआवजा की राशि के लिए अंत परीक्षण रिपोर्ट का होना आवश्यक होता है। इधर, पीड़ित पशुपालक लाल बाबा ने बताया कि तीनों गाय को मिलाकर लगभग 200000 का नुकसान हुआ है। लाल बाबा ने बताया कि उनका जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई मुआवजा से कर पाना संभव नहीं है।

### बीईओ कार्यालय का अकाउंटेंट 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**रीवा।** रीवा लोकायुक्त ने शुक्रवार को बीईओ कार्यालय के अकाउंटेंट को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। रिश्वतखोर अकाउंटेंट ने शिक्षा विभाग से सेवानिवृत हो चुके कर्मचारी से सेवा के दौरान अर्जित अवकाश का बिल लगाने की एवज में डेढ़ लाख रुपए रिश्वत की मांग की थी। कार्रवाई के बाद अकाउंटेंट को जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

# भीषण हादसा: नेपाल में पर्यटकों की बस नदी में गिरी

- 15 की मौत, कई लापता
- पोखरा से काठमांडू जा रहे थे यात्री

एजेंसी । गोरखपुर

यूपी के गोरखपुर से पर्यटकों को लेकर नेपाल गई एक भारतीय बस शुक्रवार को पोखरा से काठमांडू के बीच तनहु जिले के अबुखैरेनी में मास्यांगडी नदी में गिर गई है। बस में कुल 42 लोग सवार थे। अब तक 15 शव निकाले जा चुके हैं जबकि बाकी लापता हैं।सभी यात्री महाराष्ट्र के रहने वाले थे। बस गोरखपुर के केसरवानी ट्रैवल्स की बताई जा रही है। बस का ड्राइवर मुर्तजा गोरखपुर का रहने वाला था, हादसे में उसकी भी मौत हो गई है। तनहु के एसपी बीरेंद्र शाही ने बताया कि मार्सयांगडी नदी में बस अंबुखैरेनी ग्रामीण नगर पालिका के वार्ड नंबर 2 स्थित ऐन पहरा से नदी में गिर गई। स्थानीय पुलिस कार्यालय के निरीक्षक अबू खैरेनी में मौके पर पहुंच गए हैं। सेना और सशस्त्र बलों को सूचित कर दिया गया है। पोखरा से काठमांडू जाने वाली बस नम्बर यूपी 53 एफटी 7633 बताया गया है।



### गोरखपुर से बुक की गई थी बस

बताया जा रहा है कि चारू नामक व्यक्ति ने गोरखपुर शहर में बाबिना होटल के बगल में स्थित केशरवानी ट्रेवल्स से बस को बुक किया था। महाराष्ट्र के सभी यात्री इलाहाबाद से बस में सवार हुए थे। सभी यात्री पहले चित्रकूट गए फिर वहां से गोरखपुर होते हुए नेपाल गए थे। कुल तीन बस बुक कराई गई थी। पर्यटकों के दल में कुल 110 लोग थे। जिस बस की दुर्घटना हुई है वह 45 सीट की है। इसमें 42 यात्री सवार थे।

### चालक-परिचालक समेत 43 लोगों के सवार होने की जानकारी

बस में चालक-परिचालक समेत 43 लोगों के सवार होने की जानकारी सामने आ रही है। पुलिस राहत बचाव के लिए पहुच गयी है। नेपाल पुलिस ने बताया कि बचाव कार्य चल रहा है। अब तक की जानकारी के मुताबिक बस में सवार सभी यात्री महाराष्ट्र के हैं। करीब 25 यत्रियों का अभी पता नही चल पा रहा है।

# सोनू-मोनू का किला ढहा

## अंगूठा टेक पार्वती बनी धनपतगंज की ब्लॉक प्रमुख

एजेंसी । सुलतानपुर



प्रधानी के चुनाव में मिली हार से शुरू हुआ राजनीतिक सफर क्षेत्र पंचायत सदस्य पद पर मिली जीत पर रुका। अब ब्लॉक प्रमुख की कुर्सी मिल गई। यह भाग्य का ही खेल है कि अंगूठा टेक पार्वती 66 ग्राम पंचायतों में विकास का रथ चलाएंगी। किंग मेकर की भूमिका भाजपा विधायक विनोद सिंह ने निभाई, जिसके चलते पहली बार इस सीट पर भाजपा को जीत मिली।

### मुफलिसी और दुश्वारियों भरा रहा

ब्लॉक के पिपरीसाईंनाथपुर के भौंसा गांव निवासी अनुसूचित जाति की पार्वती देवी का जीवन भले ही मुफलिसी और दुश्वारियों भरा रहा हो, पर उनके सपनों की उड़ान जारी रही। इसकी शुरुआत उन्होंने वर्ष 2015 में ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान पद के लिए चुनाव लड़कर की। रसूखदारों के रोकने के बावजूद सामान्य सीट पर पर्चा दाखिल कर पूरी निर्भीकता से वह चुनाव मैदान में डटी रहीं। हालांकि, पहले प्रयास में कामयाब तो नहीं हुई, लेकिन उनकी हिम्मत और दिलेरी ने सभी को प्रभावित किया।

### प्राइमरी स्कूल में की रसोइया की नौकरी

पति राम प्रताप के गुजरने के बाद पार्वती के जीवन की दिशा विपरीत हो गई। परिवार में आर्थिक तंगी का दौर शुरू हुआ और वह गांव के प्राइमरी स्कूल में रसोइया की नौकरी करने लगीं। इसके बाद भी वह गांव के सामाजिक कार्यों और राजनीतिक बैठकों में पहुंचतीं और बेबाकी से अपना पक्ष रखतीं। सामाजिक सरोकार में लगीं पार्वती 2021 में क्षेत्र पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतरीं। इसमें उन्हें कामयाबी भी मिली।

### लहराया जीत का परचम

जैसे ही धनपतगंज में ब्लॉक प्रमुख के उप चुनाव की घोषणा हुई, भाजपा विधायक विनोद सिंह की पारखी नजरों ने पार्वती को खोज लिया। पार्टी ने समर्थन के साथ प्रत्याशी घोषित कर बाहुबली भद्र बंधुओं (सोनू-मोनू सिंह) के सामने तगड़ी चुनौती पेश कर दी। विधायक खुद भी जीत के लिए लग गए। आखिरकार गुरुवार को हुए चुनाव में तीन वोट के अंतर से जीत मिली। इसके साथ ही पार्वती देवी कामयाबी का परचम लहराते हुए पहुंच ब्लॉक प्रमुख बन गईं। मालूम हो कि वर्ष 2021 में प्रमुख पद के चुनाव में यशभद्र सिंह मोनू निर्विरोध ब्लॉक प्रमुख चुने गए थे। लगभग तीन वर्ष पांच माह का कार्यकाल बीतने के बाद एक आपराधिक मामले में सजा होने से उन्हें अयोग्य घोषित कर सीट को रिक्त मान लिया गया। इसके बाद हुए उपचुनाव में उन्होंने अपनी मां ऊषा सिंह को चुनाव मैदान में उतारा। सपा ने समर्थन भी दिया, लेकिन शिकस्त का सामना करना पड़ा।

# शहर में दो जगहों पर बनेंगे वेंडिंग जोन

## 200 दुकानदारों को मिलेगा स्थायी ठिकाना

एजेंसी । पूर्णिया



शहर में वेंडिंग जोन के तहत करीब दो सौ दुकानें बनेगी। इससे फुटपाथी दुकानदारों को काफी लाभ होगा। इसकी स्वीकृति मिल गयी है और टेंडर निर्गत हो गया है। अब बहुत जल्द शहर के पंचमुखी मंदिर से रेणु उद्यान के बीच करीब 90 से अधिक दुकानें बनेगी। जबकि खुश्कीबाग ओवरब्रिज के नीचे करीब 110 दुकानें का निर्माण होगा। यदि सब कुछ ठीक ठाक रहा तो इसी साल में दुकानें बन जाएगी और फुटपाथ दुकानदारों को आवंटित भी कर दिया जायेगा। इन दोनों ही स्थलों पर वेंडिंग जोन के तहत दुकान निर्माण होने के बाद लाइन बाजार और खुश्कीबाग में बहुत हद तक जाम की समस्या दूर हो जायेगी। अभी लाइन बाजार और ख़ुश्क़ीबाग ओवर ब्रिज के आस-पास सुबह होते ही सड़क किनारे ठेला व खोमचा से सज जाती है। इससे दिनभर जाम की समस्या रहती है। शहर को अतिक्रमणमुक्त कर सुंदर और सुसज्जित बनाने के लिए एक बार फिर नगर निगम की सुगबुगाहट शुरू हो गयी है।

### दुकानदारों को एकबार फिर जगी आस

नगर निगम की इस पहल से फुटपाथी दुकानदारों को एकबार फिर आस जगी है। जानकारी के मुताबिक नगर निगम में करीब तीन हजार से अधिक फुटपाथी दुकानदार रजिस्टर्ड है। करीब पांच साल पहले नगर निगम द्वारा शहर के 11 जगह पर वेंडिंग जोन के लिए जगह चिह्नित की गयी थी। लेकिन कानूनी अड़चन के कारण इन जगहों पर वेंडिंग जोन नहीं बन पाया। हालांकि महापौर विभा कुमारी की पहल पर राजेन्द्र बाल उद्यान के नजदीक स्ट्रीट फूड पार्क बन कर तैयार है।

### गंगा का जलस्तर बढ़ा, निचले इलाकों में फैला पानी

एजेंसी । पूर्वी उधवा दियारा

उधवा गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से प्रखंड क्षेत्र के निचले इलाकों के घरों में पानी प्रवेश करने लगा है। जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से ऐतिहासिक उदय नाला के किनारे बसे गांव बाढ़ की चपेट में आ गया है। उदय नाला के किनारे बसे प्रखंड क्षेत्र के पूर्वी उधवा दियारा पंचायत के कुछ गांव पानी की चपेट में आ गया है, जिससे चारों तरफ पानी फैल गया है। साथ ही बाढ़ का पानी घरों में भी प्रवेश करना शुरू कर दिया है।

# घग्घर में कम हो रहा पानी

## बढ़ रही किसानों की चिंता

एजेंसी । जैतसर

उतर भारत के राज्यों में कम बरसात के चलते इस बार घग्घर नदी में अगस्त महीने के अंतिम सप्ताह में भी पर्याप्त पानी नहीं पहुंचने से जीबी क्षेत्र के अंतिम छोर के किसानों की चिंता बढने लगी है। अगस्त महीने में घग्घर नदी में बरसाती पानी एवं आईजीएनपी के अतिरिक्त पानी को मिलाकर पानी चलाया गया परंतु पर्याप्त पानी की कमी के चलते घग्घर का पानी 12 जीबी गांव को पार नहीं कर पाया, जिसके चलते 12 जीबी से भेड़ताल (अनूपगढ़) तक के क्षेत्र के किसान घग्घर में बरसाती पानी के आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष जसवंत सिंह चंदी, स्थानीय इकाई के राकेश मण्डा, गांव 11 जोईयांवाली के बुधराम बिश्नोई, विनोद सिंह राठौड़, रघुवीर सिंह राठौड़ सहित अन्य किसानों ने बताया कि गत वर्ष घग्घर नदी उफान पर थी।

# घर के पीछे गड्ढे में डूबने से अधेड़ की मौत

## तालझारी थाना क्षेत्र में बालापोखर की घटना

एजेंसी । तालझारी



तालझारी थाना क्षेत्र की मसकलैया पंचायत के बालापोखर निवासी सूर्या मंडल (46) की डूबने से मौत हो गयी। उसकी पत्नी मिलन देवी ने बताया कि उनका पति सूर्या मंडल मंगलवार की दोपहर से ही घर पर नहीं थे। रात भर जब वे घर नहीं आये तो अपने रिश्तेदारों यहां खोजबीन की। पर कहीं पता नहीं चला। शुक्रवार की सुबह घर के पीछे गड्ढे के पानी में उनका शव तैरता हुआ देखा गया। जब नजदीक जाकर देखा तो यह सूर्या मंडल के रूप में पहचान की गयी, जिसकी सूचना तालझारी थाना को दी गयी। वहीं, सूचना पाकर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल भिजवाया।

### मृतक सूर्या मंडल के तीन बेटे व एक बेटी

मृतक सूर्या मंडल के तीन बेटे व एक बेटी है। सभी विवाहित हैं। वहीं, परिजनों में रो-रोकर बुरा हाल है। उधर, थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि बालापोखर गांव के रास्ते के गड्ढे में पानी भरने के कारण उसमें डूबने से मौत हो गयी। मामले को लेकर अग्रसर कार्रवाई की जा रही है।

# नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद की बढ़ीं मुश्किलें

## प्राइवेट बॉडीगार्ड की जमानत याचिका निरस्त

एजेंसी । बिजनौर



जिला एवं सत्र न्यायाधीश मदनपाल सिंह ने पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में आजाद समाज पार्टी के सुप्रीमो और नगीना सांसद चंद्रशेखर के निजी अंगरक्षक कृष्णा की जमानत याचिका को निरस्त कर दिया है।

### कोर्ट ने की जमानत याचिका निरस्त

पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की जांच में घटना सही पाई गई। पुलिस ने कृष्णा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आरोपित कृष्णा वर्तमान में नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद का निजी अंगरक्षक है।

### रंगदारी मांगने का मुकदमा है दर्ज

जिला शासकीय अधिवक्ता वरुण राजपूत के अनुसार सुशांत चौधरी पुत्र जयपाल सिंह निवासी मोहल्ला नई बस्ती थाना कोतवाली शहर ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में लिखा कि आरोपित कृष्णा पुत्र छोटे सिंह निवासी गांव मौजमपुर सुजान थाना मंडावर ने छह जून 2024 को उसे फोन करके पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। उक्त धनराशि न देने पर जान से मारने की धमकी दी थी।




# सेंसेक्स, निफ्टी मामूली बढ़त के साथ बंद

एजेंसी । मुंबई

अमेरिकी केंद्रीय बैंक के चेयरमैन के अहम संबोधन से पहले मिले-जुले वैश्विक रुझानों के बीच शुक्रवार को आईसीआईसीआई बैंक और भारती एयरटेल जैसी दिग्गज कंपनियों के शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 33.02 अंक बढ़कर 81,086.21 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स लगातार चौथे कारोबारी सत्र में बढ़त पर रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 169.93 अंक गिरकर 80,883.26 अंक के निचले स्तर पर आ गया था। बाद में यह 178.3 अंक उछलकर 81,231.49 अंक के उच्चस्तर पर पहुंच गया था, लेकिन अंत में इसने बढ़त गंवा दी। निफ्टी 11.65 अंक बढ़कर 24,823.15 अंक पर बंद हुआ। यह निफ्टी का बढ़त का लगातार सातवां सत्र रहा।



### कैसा रहा कारोबार ?

दिनभर के कारोबार के दौरान ऑटोमोबाइल, फार्मास्यूटिकल, सर्विसेज और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। दूसरी ओर आईटी, ऑयल एंड गैस, रियल्टी, मेटल और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.15 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। बाजार के मामूली बढ़त के साथ बंद होने के बावजूद मिडकैप शेयरों में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 460.10 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 460.52 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 42 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

### बीएसई में 4,048 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई

दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,048 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,065 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,869 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 114 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,370 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,117 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,253 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 15 शेयर बढ़त के साथ और 15 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 21 शेयर हरे निशान में और 29 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

# आयुष्मान योजना में 10 लाख तक बीमा सुरक्षा देने की तैयारी

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्र सरकार आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढ़ाने पर विचार कर रही है, जिससे कि देश की बड़ी आबादी को चिकित्सा लाभ मिल सके। अस्पतालों में बेड की संख्या का विस्तार करने से लेकर प्रति व्यक्ति इलाज खर्च की राशि को बढ़ाकर 10 किए जाने की तैयारी है। वहीं, गंभीर बीमारी के मामलों में महिलाओं को 15 लाख रुपये तक का इलाज कराने की सुविधा देने का प्रस्ताव है। इसको लेकर सचिवों के समूह की तरफ से विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया गया है। समूह का मानना है कि मौजूदा समय में योजना के लिए न केवल बेड की संख्या को बढ़ाने की जरूरत है, बल्कि अस्पतालों में योजना के लाभार्थियों को ज्यादा बेड मुहैया कराना भी सरकार का दायित्व है।




### नए प्रस्ताव की सिफारिशें

- पुरुषों के मामले में इलाज खर्च की सीमा को पांच से बढ़ाकर 10 लाख किया जाएगा। जबकि गंभीर बीमारी के मामलों में महिलाओं को 15 लाख रुपये का इलाज कराने की सुविधा।
- मौजूदा वक्त में आयुष्मान लाभार्थियों की संख्या 35.44 करोड़ से अधिक है, जिनकी संख्या अगले पांच साल में 100 करोड़ करने का लक्ष्य।
- 7.22 लाख मौजूदा बेड की संख्या को वर्ष 2027 तक बढ़ाकर 9.32 लाख और 2029 तक बढ़ाकर 11.32 लाख करने की योजना।
- आयुष्मान भारत यानी प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से जुड़े लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए मौजूदा नियमों में भी बदलाव का प्रस्ताव।


# पुरानी पेंशन को लेकर हो सकता है बड़ा फैसला


## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज करेंगे राष्ट्रीय परिषद के पदाधिकारियों के साथ बैठक

एजेंसी । नई दिल्ली

पुरानी पेंशन को लेकर सरकार की तरफ से कोई बड़ा फैसला लिया जा सकता है। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्टाफ साइड की राष्ट्रीय परिषद के पदाधिकारियों से मिलेंगे। भाजपा के सत्ता में आने बाद प्रधानमंत्री की कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ इस तरह यह पहली बैठक होगी। माना जा रहा है कि कुछ राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सरकार पुरानी पेंशन जैसे अन्य मुद्दों पर कोई अहम फैसला ले सकती है, जिससे पहले यह बैठक बुलाई गई है।

### पुरानी पेंशन को बहाल करने की मांग



लंबे समय से कर्मचारियों की मांग रही है कि पुरानी पेंशन को बहाल किया जाए। सार्वजनिक उपकरणों के निजीकरण को लेकर भी कर्मचारी यूनियन विरोध जताती आ रही है। रेलवे समेत तमाम सरकारी विभागों में पद खाली पड़े हैं, जिन्हें भरने को लेकर भी कर्मचारी यूनियनों की लंबे समय से मांग रही है। ऐसे में सीधे प्रधानमंत्री के साथ होने जा रही बैठक को काफी अहम माना जा रही है। सात लोक कल्याण मार्ग पर होने वाली बैठक में कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा होनी की उम्मीद है। इसमें पुराने पेंशन को लेकर भी कोई अहम फैसला हो सकती है। वितीय वर्ष 2024-25 के आम बजट को पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी पेंशन में सुधार की बात कही थी। इस लिहाज से बैठक को काफी अहम माना जा रही है।

# बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल ने अरीबा फूड्स में 55 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी

एजेंसी । नई दिल्ली/बीकानेर

बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल लिमिटेड ने उज्जैन स्थित अरीबा फूड्स प्राइवेट लिमिटेड में 55 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी है। इस अधिग्रण के बाद अरीबा उसकी सहायक कंपनी बन गई है। इससे बीकाजी की फ्रोजन फूड क्षमताओं और निर्यात क्षमता में वृद्धि होगी।




### 2023-24 में राजस्व 2,294.71 करोड़ रहा

उल्लेखनीय है कि बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल लिमिटेड का वित्त वर्ष 2023-24 में राजस्व 2,294.71 करोड़ रुपये रहा था। ये भारत में अग्रणी तेजी से बढ़ते उपभोक्ता ब्रांडों में से एक है। इसकी शुरुआत 1993 में शिव रतन अग्रवाल ने की थी। वे स्नैक्स और मिठाइयां बेचते हैं, बीकानेरी भुजिया, सोन पापड़ी, पैकेज्ड रसगुल्ला और गुलाब जामुन के सबसे बड़े निर्माताओं में से एक हैं।

### 'स्नैक्स' एवं 'फ्रोजन' खाद्य पदार्थ में विशेषज्ञता रखने वाली प्रमुख कंपनी है अरीबा

कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल ने अरीबा फूड्स प्राइवेट लिमिटेड में 55 फीसदी इक्विटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है, जिसकी कुल कीमत 60.49 करोड़ रुपये है। बीकाजी को इससे अपने 'फ्रोजन' फूड उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने और बाजार में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने में मदद मिलेगी। अरीबा 'स्नैक्स' एवं 'फ्रोजन' खाद्य पदार्थ में विशेषज्ञता रखने वाली प्रमुख कंपनी है। बीकाजी के प्रबंध निदेशक दीपक अग्रवाल ने एक बयान में कहा कि ये रणनीतिक कदम न केवल निर्यात वृद्धि के लिए हमारी क्षमता को मजबूत करता है, बल्कि त्वरित सेवा रेस्तरां (क्यूएसआर) खंड में हमारे प्रवेश का भी समर्थन करता है। अग्रवाल ने कहा कि अरीबा की अत्याधुनिक उत्पादन क्षमताओं को एकीकृत करके, हमारा लक्ष्य अपने 'फ्रोजन स्नैक्स' और नमकीन के उत्पादन को बढ़ाना है। वहीं, अरीबा फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रवर्तक गौरव बहेती ने कहा कि हमारी उन्नत उत्पादन सुविधाओं तथा निर्यात विशेषज्ञता के साथ हम बीकाजी की उत्पादन जरूरतों को पूरा करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं। दरअसल अरीबा फूड्स समोसे, नान, पराठे और मिठाइयों सहित स्नैक्स और फ्रोजन फूड्स में विशेषज्ञता रखने वाली कंपनी है।

## लुसाने डायमंड लीग 2024

# दूसरे स्थान पर रहे नीरज चोपड़ा

## इस सीजन अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका

एजेंसी । नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक के बाद भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा पहली बार लुसाने डायमंड लीग 2024 में एक्शन में दिखे। नीरज ने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए सीजन 89.49 मीटर दूर भाला फेंका, जो करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो है। उन्होंने पेरिस ओलंपिक का अपना रिकॉर्ड तोड़ दिया। नीरज ने पेरिस में 89.45 मीटर के थ्रो के साथ सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया था, जो तब सीजन बेस्ट था।



### नीरज ने दिखाया 'सिक्स का दम'

26 वर्षीय चोपड़ा चौथे राउंड तक कुछ खास लय में नजर नहीं आए। वह चौथे राउंड तक चौथे स्थान पर थे। उन्होंने पांचवें प्रयास में 85.58 मीटर दूर भाला फेंका और तीसरे नंबर पर पहुंच गए। नीरज ने छठे और अंतिम प्रयास में अपना दम दिखाया और सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने 89.49 मीटर का थ्रो किया, जो पेरिस ओलंपिक से थोड़ा बेहतर था। नीरज को छठे थ्रो में चूकने का खतरा था लेकिन पांचवें राउंड के प्रयास ने उन्हें बचा लिया। पांच राउंड के बाद केवल शीर्ष तीन को ही आखिरी अटेम्प्ट का मौका मिलता है। दो बार के वर्ल्ड चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट एंडरसन पीटर्स ने 90.61 मीटर का थ्रोय किया और पहला स्थान हासिल किया। ग्रेनेडा के भाला फेंक एथलीट ने दूसरे राउंड में मॉन्स्टर थ्रो किया। जर्मनी के जूलियन वेबर 87.08 मीटर के साथ तीसरा स्थान पर रहे। बता दें कि नीरज साल 2022 में डायमंड लीग चैंपियन थे। उन्होंने पिछले साल दूसरे स्थान पर फिनिश किया था। नीरज फिलहाल पूरी तरह फिट नहीं हैं। वह ग्रोइन चोट से जूझ रहे हैं।

### नीरज का ये ख्वाब रहा अधूरा

नीरज ने भले ही सीजन बेस्ट थ्रो फेंका लेकिन 90 मीटर मार्क छूने का ख्वाब अधूरा रह गया। वह 90 मीटर के मार्क से सिर्फ 51 सेमी से चूके। हालांकि, नीरज अपने प्रदर्शन से खुश हैं। उन्होंने स्पर्धा के बाद कहा, 'शुरू में मुझे अच्छा महसूस नहीं हुआ लेकिन मैं अपने थ्रो से खुश हूं, खासकर अपने आखिरी प्रयास में करियर के दूसरा बेस्ट थ्रो से। शुरुआत कठिन थी लेकिन वापसी वाकई अच्छी रही। मैंने जुझारूपन दिखाया और लुत्फ उठाया।' नीरज का पहला अटेम्प 82.10 और दूसरा 82.10 मीटर का था। उन्होंने तीसरे प्रयास में 83.21 और चौथे में 83.21 मीटर दूर भाला फेंका। भारतीय जेवलिन थ्रोअर ने कहा कि शुरुआत में उम्मीदों के मुताबिक थ्रो नहीं जाने के बावजूद हौसला बरकरार रखा।



## भारत के खिलाफ सीरीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं कैमरन ग्रीन

एजेंसी । पर्थ

न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने बल्लेबाजी प्रदर्शन से उत्साहित ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन भारत के खिलाफ 22 नवंबर से उनके घरेलू मैदान पर्थ में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की सीरीज में बल्ले और गेंद दोनों से महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया 2014-15 के बाद पहली बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतने की कवायद में है। भारत ने पिछली चार सीरीज जीती हैं। उसने इस बीच 2018-19 और 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर हराया था। यह दोनों देश पिछले तीन दशक में पहली बार पांच टेस्ट मैच की सीरीज खेलेंगे।

## पेरिस ओलंपिक ने बनाया व्यूवरशिप का नया रिकॉर्ड




एजेंसी । पेरिस

पेरिस ओलंपिक 2024 का हाल ही में समापन हुआ है। 'खेलों के महाकुंभ' ओलंपिक का फ्रांस की राजधानी पेरिस में 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजन हुआ। शीतकालीन ओलंपिक खेलों में 200 से अधिक देशों के एथलीट ने लिस्सा लिया। अनेक खिलाड़ियों ने नए-नए कीर्तिमान रचे। वहीं, भारत में व्यूवरशिप के मामले में एक नया रिकॉर्ड बना है। भारत में ओलंपिक व्यूवरशिप के पुराने सारे रिकॉर्ड ध्वस्त हो गए हैं। बता दें कि भारत में वायकॉम18 के पास पेरिस ओलंपिक के प्रसारण के राइट्स थे। भारत में 17 करोड़ से अधिक दर्शकों ने जियो सिनेमा और स्पोर्ट्स18 नेटवर्क के विभिन्न चैनलों पर ओलंपिक का लुत्फ उठाया। 1500 करोड़ मिनट से अधिक का वॉच-टाइम रहा, जोकि भारत में एक नया रिकॉर्ड है। भारत में पहली बार ओलंपिक कवरेज को 20 कॉन्टकरंट फीड्स में जियोसिनेमा पर फ्री में प्रस्तुत किया गया, जिससे दर्शक बड़ी तादाद में जुड़े।

### भारत के हिस्से में आए 6 मेडल

भारत का पेरिस ओलंपिक में प्रदर्शन उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा। भारत को 10 से अधिक मेडल की उम्मीद थी लेकिन 3 (एक सिल्वर, पांच ब्रॉन्ज) ही हाथ लगे। भारत ने पेरिस में 117 एथलीट का दल भेजा था। भारत को निशानेबाजी में सबसे ज्यादा तीन मेडल मिले। स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने दो मेडल जीतकर इतिहास रचा। वह एक ओलंपिक में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी हैं। जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने सिल्वर अपने नाम किया। 21 वर्षीय अमन सहरावत ने कुश्ती में कांस्य हासिल किया। वह भारत के सबसे कम उम्र के ओलंपिक पदक विजेता बने। भारतीय हॉकी टीम ने भी ब्रॉन्ज पर कब्जा जमाया।

## टेस्ट क्रिकेट को बचाने के लिए आईसीसी ने बनाया बड़ा प्लान

एजेंसी । दुबई

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप टेस्ट को बचाने के लिए बड़ा कदम उठाने जा रही है। आईसीसी लगभग 126 करोड़ रुपये का अलग से कोष तैयार करने का विचार कर रही है। आईसीसी के सामने यह प्रस्ताव क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने रखा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह और इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने भी इसका समर्थन किया है।

International Cricket

### क्या है पूरा मामला?

प्रस्ताव में कहा गया है कि इससे खिलाड़ियों की मैच फीस बढ़ाने में मदद मिलेगी और इसके साथ ही टी-20 फ्रेंचाइजी लीग पर ध्यान केंद्रित करने से रोका जा सकेगा। इससे विदेशी दौरों पर टीमों को भेजने की लागत भी कवर हो जाएगी। इससे सबसे ज्यादा वेस्टइंडीज जैसे क्रिकेट बोर्ड को फायदा होगा, जिनके खिलाड़ी टी-20 क्रिकेट खेलने को लेकर ज्यादा प्राथमिकता दे रहे हैं। भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया को इससे ज्यादा फायदा होते हुए नहीं दिख रहा है।

## इंग्लैंड बनाम श्रीलंका: जेमी स्मिथ ने जड़ा अपना पहला टेस्ट शतक

एजेंसी । मैनचेस्टर

इंग्लैंड क्रिकेट टीम और श्रीलंका क्रिकेट टीम के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ ने शानदार शतकीय पारी खेली है। इस युवा खिलाड़ी ने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक लगाया है। स्मिथ ने श्रीलंका के गेंदबाजों का डटकर सामना किया और 136 गेंद में अपना शतक पूरा किया।

### कैसी रही स्मिथ की पारी और साझेदारी?

स्मिथ जब बल्लेबजाी करने आए तो इंग्लैंड के 5 बल्लेबाज पवेलियन लौट गए थे। ऐसे में उन्होंने संयम दिखाते हुए बल्लेबाजी की और



पहले हैरी ब्रूक के साथ 83 गेंद में 62 रन जोड़े। इसके बाद क्रिस वोक्स के साथ स्मिथ ने 110 गेंद में 52 रन की साझेदारी निभाई। उन्हें निचले क्रम के बल्लेबाजों का साथ मिला। स्मिथ इंग्लैंड की पारी में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज रहे। ब्रूक ने 73 गेंद में 56 रन की पारी खेली थी।

### वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था पहला टेस्ट मैच

स्मिथ ने 10 जुलाई 2024 को वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। उन्होंने अब तक 4 टेस्ट मैच खेले हैं और इसकी 5 पारियों में 75 से ज्यादा की औसत से 302 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 2 अर्धशतक और 1 शतक निकला है। इस मुकाबले से पहले टेस्ट क्रिकेट में स्मिथ का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 95 रन था। उन्होंने यह पारी वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली थी।

## अर्चना कामत ने टेबल टेनिस से अलविदा कहा

### पढ़ाई के लिए छोड़ा खेल



एजेंसी । बेंगलुरु

अर्चना कामत को भारतीय जर्सी की कमी महसूस होगी लेकिन यह टेबल टेनिस खिलाड़ी भविष्य में अलग तरीके से अर्थशास्त्री के तौर पर देश की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हाल में पेरिस ओलंपिक में जर्मनी से क्वार्टर फाइनल में भारत की हार के कुछ दिनों बाद बेंगलुरु की 24 वर्षीय खिलाड़ी अर्चना ने अमेरिका की मिशिगन यूनिवर्सिटी में लोक नीति में स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने का फैसला किया। अर्चना ने जब अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की थी तब वह किशोरी थी इसलिए टेबल टेनिस से दूर जाने का फैसला उनके लिए काफी भावनात्मक रहा। लेकिन उन्हें अपने स्कूल के दिनों से ही पढ़ाई काफी पसंद थी। वह 10वीं और 12वीं की परीक्षा में क्रमशः 98.7 और 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करके टॉपर रही थीं। दूसरी मास्टर्स डिग्री हासिल कर रहीं अब वह मिशिगन में अपनी दूसरी मास्टर्स डिग्री हासिल कर रही हैं। उन्होंने पहले ही अंतरराष्ट्रीय संबंधों में स्नातकोत्तर पूरी कर ली है।

### मुंबई के मैदानों से

## सेंट स्टॉनिसलास को पहला स्थान

दोपहर संवाददाता । मुंबई



बांद्रा की सेंट स्टॉनिसलास हॉय स्कूल ने फाइनल में मांटुगा की डॉन बॉस्को अकादमी को 1-0 से पराजित करके प्रथम सर ह्यासिंथ नज़रेथ मेमोरियल हॉकी प्रतियोगिता के बॉयज अंडर-16 वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। सेंट एंड्रयूज टर्फ पर खेले गया फाइनल काफी रोमांचक था, लेकिन जिदान फर्नान्डिंस द्वारा किया गया मैच का एकमात्र गोल सेंट स्टॉनिसलास हॉय स्कूल के पक्ष में निर्णायक साबित हुआ। बॉयज अंडर-14 वर्ग का फाइनल मांटुगा की डॉन बॉस्को अकादमी और मालाड की चिल्ड्रेन अकादमी के बीच खेला गया, जिसमें डॉन बॉस्को अकादमी ने रेजिन डेविड द्वारा किए गए गोल की मदद से 1-0 से जीत दर्ज की तथा खिताब को अपने कब्जे में कर लिया।




## 'इंडियन फिल्म फेस्टिवल मेलबर्न' में 'मिसेज' को मिला स्टैंडिंग ओवेशन

*सान्या मल्होत्रा पिछले कुछ समय से अभिनेत्री अपनी आने वाली फिल्म 'मिसेज' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। यह मलयालम फिल्म 'द ग्रेट इंडियन किचन' की रीमेक है, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। बीते दिन यानी 22 अगस्त को 'मिसेज' का प्रीमियर 'इंडियन फिल्म फेस्टिवल मेलबर्न' में हुआ।*


इस फिल्म को वहां मौजूद तमाम लोगों का खूब प्यार मिला और उन्होंने खूब तालियां बजाईं। स्क्रीनिंग के अंत में इस फिल्म को लोगों से स्टैंडिंग ओवेशन मिला।

### गदगद हुईं सान्या

'मिसेज' की स्क्रीनिंग के अंत में सान्या मंच पर आईं और फिल्म को मिले लोगों का प्यार देख भावुक हो गईं। उनका एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है, जिसमें वह भावुक होती नजर आ रही हैं। 'मिसेज' का प्रीमियर अब तक पाम स्प्रिंग्स अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल, हवाई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव और टालिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल में हो चुका है। 'मिसेज' का निर्देशन आरती कडव ने किया है। पम्मी बावेजा, हरमन बावेजा और ज्योतिदेश पांडे इसके निर्माता हैं।

## नवाजुद्दीन सिद्दीकी की नई फिल्म का हुआ ऐलान

अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी को आखिरी बार फिल्म 'रौतू का राज' में देखा गया था, जिसमें उनके काम की खूब तारीफ हुई। यह फिल्म इसी साल 28 जून को ZEE5 पर रिलीज हुई थी। अब नवाज ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम 'अद्भुत' है। इस फिल्म की चर्चा पिछले लंबे समय से हो रही थी और अब आखिरकार इसकी आधिकारिक घोषणा हो गई है। 'अद्भुत' से नवाज की पहली झलक भी सामने आ गई है।



### कब और कहां रिलीज होगी फिल्म?

'अद्भुत' के निर्देशन की कमान सब्बीर खान ने संभाली है। इसमें डायना पेंटी, श्रेया धनवंतरी और रोहन मेहरा भी नजर आएंगे। इस फिल्म का ट्रेलर 24 अगस्त को 12 बजे जारी किया जाएगा। 'अद्भुत' की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है। यह फिल्म न ही सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है और न ही किसी OTT पर। 'अद्भुत' ने सीधा टीवी का रुख किया है। यह फिल्म 15 सितंबर, 2024 को सोनी मैक्स पर रिलीज होने वाली है।



## 'हाउसफुल 5' से जुड़ीं जैकलीन फर्नांडीज

*अक्षय कुमार अभिनीत 'हाउसफुल' सबसे लोकप्रिय कॉमेडी फ्रेंचाइजी में से एक है। निर्माता इसकी पांचवीं किस्त लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और इसकी घोषणा भी कर दी गई है। इस बार अक्षय कुमार और रितेश देशमुख के साथ फरदीन खान भी होंगे। हालांकि, इस बीच एक रिपोर्ट आ रही है कि मेकर्स ने एक फीमेल लीड को फाइनल कर लिया है और वह कोई और नहीं बल्कि जैकलीन फर्नांडीज हैं। रिपोर्ट मात्र ने फिल्म के लिए प्रशंसकों के उत्साह को और ज्यादा बढ़ा दिया है।*

निर्माता साजिद नाडियाडवाला पुरुष अभिनेताओं की प्रभावशाली लाइनअप के साथ सुर्खियां बटोर रहे हैं। इसमें अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, फरदीन खान और संजय दत्त जैसे सितारे शामिल हैं। स्टारकास्ट, फ्रेंचाइजी में नई ऊर्जा लाने का वादा करती है, जो एक क्रूज की पृष्ठभूमि पर आधारित है।

300 करोड़ रुपये के चौंका देने वाले बजट के साथ 'हाउसफुल' सीरीज की सबसे महंगी फिल्म मानी जाने वाली इस किस्त का लक्ष्य फ्रेंचाइजी को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है। इन स्टार-स्टडेड पुरुष अभिनेताओं के साथ, जैकलीन फर्नांडीज को मुख्य महिला कलाकारों में से एक के रूप में चुना गया है। रिपोर्ट की मानें तो इस कॉमेडी फिल्म में वह अक्षय कुमार के अपोजिट नजर आएंगी।

## बॉक्स ऑफिस पर 'स्त्री 2' की सुनामी


श्रद्धा कपूर की फिल्म 'स्त्री 2' पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है। ताबड़तोड़ कमाई के साथ कई रिकॉर्ड बना चुकी फिल्म के खाते अब एक और उपलब्धि दर्ज हो गई है। इस फिल्म ने कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों को कलेक्शन की रेस में पीछे छोड़ दिया है। पहले हफ्ते सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टॉप 5 फिल्मों में जगह बनाने के बाद अब इस फिल्म ने एक और करिश्मा यह किया है कि पहले ही हफ्ते 300 करोड़ क्लब में भी एंट्री ले ली है। मैडॉक फिल्म्स की तरफ से आज 'स्त्री 2' की आठ दिनों की कमाई के आंकड़े जारी किए गए हैं।

यह फिल्म स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने 70 करोड़ रुपये से अधिक की ओपनिंग के साथ शानदार शुरुआत की। फिर इसे वीकएंड का फायदा मिला। पहले सोमवार को रक्षाबंधन का लाभ लेते हुए इसने जमकर कमाई की। कुल मिलाकर शुरुआती चार दिनों में इसने 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू लिया था। अब आज जारी आंकड़ों के मुताबिक 'स्त्री 2' का पहले हफ्ते का इंडिया नेट कलेक्शन 308 करोड़ रुपये हो गया है। शुरुआती सात दिनों में इस फिल्म ने 289.6 करोड़ रुपये कमाए थे। आंकड़ों के मुताबिक आठवें दिन फिल्म का कारोबार करीब 18.2 करोड़ रुपये रहा। इसकी के साथ कुल नेट कलेक्शन 308 करोड़ रुपये हो गया है।



## ध्वनि भानुशाली की 'कहां शुरू कहां खत्म' का ट्रेलर जारी

*भारतीय सिनेमा की जानी-मानी गायिका ध्वनि भानुशाली अभिनय की दुनिया में कदम रखने को तैयार हैं। वह पिछले कुछ दिनों से अपनी पहली फिल्म 'कहां शुरू कहां खत्म' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म में ध्वनि की जोड़ी अशीम गुलाटी के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। अब निर्माताओं इस पारिवारिक मनोरंजक फिल्म 'कहां शुरू कहां खत्म' का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें कॉमेडी के साथ रोमांस का तड़का लगाया हुआ है।*




### 20 सितंबर को रिलीज होगी फिल्म

'कहां शुरू कहां खत्म' 20 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान सौरभ दासगुप्ता ने संभाली है, वहीं लक्ष्मण उटेकर ने इसे ऋषि विरमानी के साथ मिलकर लिखा है।

न्यूज़ ब्रीफ

## तंवर की अंतरिम जमानत के खिलाफ ईडी की अर्जी पर नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें धनशोधन मामले में गिरफ्तार आरोपी वेद पाल सिंह तंवर को दी गई अंतरिम जमानत को चुनौती दी है। साकेत जिला न्यायालय ने 16 अगस्त को मेडिकल आधार पर तंवर को 56 दिन की अंतरिम जमानत दी थी। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने ईडी की याचिका पर नोटिस जारी किया है। इस मामले की सुनवाई सितंबर में तय की गई है। हरियाणा के खनन व्यवसायी वेद पाल तंवर को मई में ईडी ने धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया था। आरोपी ने गर्भनाल हर्निया की सर्जरी के लिए मेडिकल आधार पर अंतरिम जमानत के लिए याचिका दायर की थी। साकेत स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रवींद्र कुमार पांडे की अदालत ने 16 अगस्त को मेडिकल आधार पर आरोपी को आठ सप्ताह यानी रिहाई की तारीख से 56 दिन के लिए अंतरिम जमानत मंजूर की थी।

## पाक पहुंचा भारतीय सेना का ड्रोन, पाक आर्मी ने कब्जे में लिया

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना का एक ड्रोन तकनीकी खराबी के कारण सीमा पार कर पाकिस्तान पहुंच गया। पाकिस्तानी सेना ने ड्रोन को अपने कब्जे में ले लिया है। घटना शुक्रवार सुबह तकरीबन 9 बजे की है, जिसकी जानकारी खुद भारतीय सेना ने दी है। भारतीय सेना ने एक बयान में कहा, 'सुबह 9.25 बजे, भारतीय क्षेत्र के भीतर प्रशिक्षण मिशन पर एक मिनी यूएवी ने तकनीकी खराबी के कारण नियंत्रण खो दिया और हमारे भिम्बर गली सेक्टर के सामने पाकिस्तान के निकियाल सेक्टर में बह गया।' सेना ने बताया कि मीडिया इनपुट के मुताबिक पाक सैनिकों ने ड्रोन को बरामद कर लिया है। सेना ने कहा कि यूएवी को वापस करने के लिए पाकिस्तानी सेना को एक हॉटलाइन संदेश भेजा गया है।

## जून में रोजगार के अवसरों में गिरावट दर्ज

**नई दिल्ली।** देश में जून माह में संगठित क्षेत्र में रोजगार के अवसरों में मई की तुलना में हल्की गिरावट का संकेत है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की मासिक रिपोर्ट भारत में पेरोल रिपोर्टिंगः एक रोजगार परिप्रेक्ष्य- जून, 2024 में कहा गया है कि इस वर्ष जून में कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) में 10,24,851 नए अंशधारक जुड़े जबकि मई, 2024 में ईपीएफ में जुड़े नए अंशधारकों की संख्या 10,31,982 थी। मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2023-24 में ईपीएफ में कुल नए जुड़े अंशधारकों की संख्या 1,09,93,119 थी।


## 13 छात्राओं के यौन शोषण के मुख्य आरोपी ने की आत्महत्या

**कृष्णागिरी।** तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले में फर्जी राष्ट्रीय कैडेट कोर शिविर लगाकर 13 छात्राओं के साथ कथित यौन शोषण के मुख्य आरोपी शिवरामन ने शुक्रवार सुबह आत्महत्या कर ली। शिवरामन को 19 अगस्त को गिरफ्तार कर मेडिकल जांच के लिए सलेम सरकारी अस्पताल में लाया गया था, जहां पुलिस से भागने के प्रयास के दौरान वह गिर गया और उसका पैर फ्रैक्चर हो गया। वह अस्पताल में भर्ती था।

कोलकाता दुष्कर्म-हत्या प्रकरण

# आरोपी समेत 6 का होगा पॉलीग्राफी टेस्ट

**▸▸ इनमें पूर्व प्रिंसिपल और पीड़ित के साथ डिनर करने वाले 4 डॉक्टर भी शामिल**






एजेंसी | नई दिल्ली

कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर का रेप-मर्डर करने वाले आरोपी संजय रॉय समेत 6 का पॉलीग्राफी टेस्ट होगा। इनमें कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के अलावा पीड़ित डॉक्टर के साथ 8 अगस्त की रात डिनर करने वाले 4 डॉक्टर भी शामिल हैं। शुक्रवार (23 अगस्त) को CBI ने मुख्य आरोपी संजय रॉय को सियालदह की स्पेशल कोर्ट ने पेश किया। जहां कोर्ट ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सुनवाई के दौरान ही संजय पॉलीग्राफी टेस्ट के लिए भी तैयार हो गया था। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 9 अगस्त को एक ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर के विरोध में कोलकाता के डॉक्टर्स आज 15वें दिन (23 अगस्त) भी हड़ताल पर हैं। उन्होंने कहा- हमें न्याय नहीं मिला है। इसलिए काम पर नहीं लौटेंगे। इधर, दूसरे संगठनों यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट एसोसिएशन (UDAF), रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (RDA), फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (FAIMA) ने हड़ताल खत्म कर दी।

### अपडेट्स...

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम पुलिस थाने का घेराव किया। भाजपा समर्थकों ने चिनसुरा, सिउरी, मिदनापुर और बांकुरा पुलिस थानों का भी घेराव किया।
- CBI ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस में अब तक 73 लोगों से पूछताछ कर चुकी है।
- कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कपिल सिब्बल को ट्रेनी डॉक्टर रेप मर्डर केस से हटने की सलाह दी है। अधीर ने कहा कि मैं गुजारिश करूंगा कि वे केस से अलग हो जाएं। अपराधियों की तरफदारी न करें तो बेहतर है। क्योंकि वे कभी चुने हुए जनप्रतिनिधि थे। अभी भी राज्यसभा सांसद हैं। इन सारी चीजों के मद्देनजर आपको केस से हट जाना चाहिए, ये मेरी आपसे रिक्वेस्ट है।

### इन सवालों को लेकर जांच कर रही CBI

डॉक्टर रेप-मर्डर केस की जांच कर रही CBI की जांच के घेरे में कई सवाल हैं। CBI इस बात की जांच कर रही है कि इस अपराध को बिना किसी बाधा के सेमिनार हॉल में अंजाम दिया गया। उस हॉल के दरवाजे का टॉवर बोल्ट टूटा हुआ मिला। शुरुआती जांच में पता चला है कि टॉवर बोल्ट टूटने के कारण दरवाजा कुछ समय से खराब था। CBI यह भी पता लगाने की कोशिश में है कि क्या कोई दूसरा शख्स सेमिनार हॉल के बाहर तैनात था। इसकी पुष्टि के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। अधिकारी इसकी जांच भी कर रहे हैं कि जब घटना को अंजाम दिया जा रहा था, तो सेमिनार हॉल के अंदर से कोई आवाज क्यों नहीं सुन सका।

### हॉस्पिटल में वित्तीय गड़बड़ी की जांच CBI करेगी

कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार, 23 अगस्त को आरजी कर हॉस्पिटल में पैसों की गड़बड़ी की जांच CBI को सौंप दी। हाईकोर्ट ने 3 हफ्ते बाद 17 सितंबर को अगली सुनवाई में जांच की स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के भी निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने यह आदेश हॉस्पिटल के पूर्व डिप्टी सुपरिटेंडेंट अख्तर अली की याचिका पर दिया है।

# ब्रिटेन में भारतीयों छात्रों, प्रवासी संगठनों ने विरोध मार्च निकाला




**▸▸ पार्लियामेंट स्क्वायर पर मोमबत्तियां जलाकर डॉक्टर के लिए न्याय मांगा**

एजेंसी | लंदन

ब्रिटेन में भारतीय छात्रों, धर्मार्थ संस्थाओं और प्रवासी संगठनों ने कोलकाता के अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ दरिंदगी की घटना के खिलाफ प्रदर्शन किया। पार्लियामेंट स्क्वायर पर इकट्ठा हुए सैकड़ों लोगों ने मोमबत्तियां जलाकर डॉक्टर के लिए न्याय की मांग की। महिला संगठनों ने लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर और ब्रिटेन के कई अन्य शहरों में गुरुवार को महात्मा गांधी की प्रतिमा के निकट शांति मार्च आयोजित किया। इस दौरान लोग हाथों में तख्तियां लिए थे और उन्होंने महिलाओं के सम्मान और सशक्तीकरण का आह्वान किया।

### एकजुटता का आह्वान

मेडिकोज वूमेन चैरिटी की डॉ. दीप्ति जैन ने कहा कि हमें पूरे विश्व से भारी समर्थन मिला है। इससे यह साबित होता है कि अब समय आ गया है कि हम जागरूक हों और अपने व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठें तथा सभी लोग इस मुद्दे को लेकर एकजुट हों।

### कई शहरों में प्रदर्शन

ब्रिटेन स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) की चिकित्सक ने कहा, ये शांतिपूर्ण प्रदर्शन हमारी इकाइयों द्वारा इंग्लैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स के कई शहरों में एक ही समय में आयोजित किए जा रहे हैं, जबकि बेलफास्ट और डबलिन में सप्ताहांत में प्रदर्शन किए जाएंगे। हमने अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया की वैश्विक इकाइयों को भी इसमें शामिल किया है, जो हमारे साथ शांति सभाएं कर रही हैं।

# NC और कांग्रेस सीट बंटवारे के फॉर्मूले पर सहमत

एजेंसी | श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों की सुगबुगाहट अब तेज हो गई है। सभी राजनीतिक पार्टियां चुनाव को लेकर अपनी तैयारी को और धार देने में लगी हुई हैं। राहुल गांधी के श्रीनगर पहुंचने और नेशनल कांफ्रेंस के साथ गठबंधन की घोषणा करने के एक दिन बाद उमर अब्दुल्ला का बयान सामने आया है। आगामी चुनाव को लेकर उमर ने कहा कि कांग्रेस के साथ गठबंधन की घोषणा के बाद दोनों ही पार्टियां सीट बंटवारे के फार्मूले को तैयार करने में लगी हुई हैं। कुछ सीटों पर सहमति बन गई है लेकिन बाकी सीटों पर अभी भी दोनों दल अड़े हुए हैं जल्द ही इस पर सहमति बनने के आसार हैं।



### सूची के सवाल पर भड़के उमर

सूची कब सामने आने के सवाल पर भड़के उमर ने कहा कि 27 अगस्त को पहले चरण का नामांकन करने का आखिरी दिन है। हमारी पार्टी उससे पहले उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर देगी। उमर ने कहा कि हमारी सूची पर सभी की निगाहें हैं आखिर इतनी समस्या क्यों हैं? अभी तक किसी ने भी अपनी सूची जारी नहीं कि है।

### मुफ्ती की टीडीपी को भी साथ लाने को तैयार : फारुख अब्दुल्ला

एनसी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला ने कहा कि उनकी पार्टी ने कांग्रेस के साथ मिलकर सभी 90 सीटों पर अपने गठबंधन को अंतिम रूप दे दिया है। लेकिन जम्मू -कश्मीर के स्वाभिमान के लिए अगर महबूबा मुफ्ती की पीडीपी भी हमारे साथ आना चाहती है तो हम उसके लिए भी तैयार है।

# CBI को केजरीवाल पर केस चलाने की अनुमति

**▸▸ दुर्गेश पाठक पर भी चलेगा मामला**

एजेंसी | नई दिल्ली

सीबीआई ने शुक्रवार को दिल्ली की एक कोर्ट को जानकारी दी कि उसे दिल्ली शराब नीति मामले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आप विधायक दुर्गेश पाठक के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी मिल गई है। सीबीआई ने यह जानकारी विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष दी गई, जिन्होंने मामले की अगली सुनवाई 27 अगस्त के लिए तय की है। इस मामले में केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 27 अगस्त को समाप्त होने वाली है। अदालत ने 12 अगस्त को सीबीआई को मामले में केजरीवाल और पाठक पर मुकदमा चलाने के लिए आवश्यक मंजूरी प्राप्त करने के लिए 15 दिन का समय दिया था।



### सुप्रीम कोर्ट से लगा झटका

बता दें कि इससे पहले केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से भी झटका मिला। उनकी जमानत पर आज सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई टल गई। सीबीआई ने अदालत से जवाब देने के लिए एक हफ्ते का और समय मांगा है। केजरीवाल की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई पांच सितंबर को होगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने सीबीआई को मामले में जवाबी हलफनामा दाखिल करने की अनुमति दी। इसके साथ ही केजरीवाल को जवाब दाखिल करने के लिए दो दिन का समय दिया। केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि सीबीआई ने केवल एक याचिका पर जवाबी हलफनामा दायर किया है और यह गुरुवार रात आठ बजे उन्हें दिया गया।

### अगली सुनवाई के लिए पांच सितंबर की तारीख तय

अतिरिक्त सॉलीसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि वे एक सप्ताह में जवाब दाखिल करेंगे। इसके बाद पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए पांच सितंबर की तारीख तय की। शीर्ष अदालत ने मामले में केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने से 14 अगस्त को इनकार कर दिया था और उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर जांच एजेंसी से जवाब मांगा था। केजरीवाल को 26 जून को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।

# स्वास्थ्य मंत्रालय ने 100 से ज्यादा दवाओं को किया प्रतिबंधित

एजेंसी | नई दिल्ली

स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर 100 दवाओं के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। इनमें कई सामान्य बीमारियों जैसे सर्दी-खासी में काम आने वाली दवाएं भी शामिल हैं। मंत्रालय ने 12 अगस्त को अधिसूचना जारी कर बताया कि 156 फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन (FDC) वाली दवाएं इंसानों के लिए हानिकारक है। हालांकि, इसके कई सुरक्षित विकल्प मौजूद हैं। दवाओं को एक बोर्ड की जांच के बाद प्रतिबंधित किया गया है।

### किन-किन दवाओं पर लगा प्रतिबंध?



स्वास्थ्य मंत्रालय ने एसिक्लोफेनाक 50 मिलीग्राम+ पैरासिटामोल 125 मिलीग्राम टैबलेट पर प्रतिबंध लगाया है। प्रतिबंधित दवाओं में मैफेनैमिक एसिड+ पैरासिटामोल इंजेक्शन, सिटीरिजिन एचसीएल+ पैरासिटामोल+फिनाइलफ्राइन एचसीएल, लेवोसेटिरिजिन+ फेनिलफ्राइन एचसीएल+ पैरासिटामोल+ क्लोरफेनिरामाइन मैलेट+ फिनाइल प्रोफेनॉलमाइन और कैमिलोफिन डाइहाइड्रोक्लोराइड 25 मिलीग्राम+ पैरासिटामोल 300 मिलीग्राम भी शामिल है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO) के औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड (डीटीएबी) ने भी FDC की जांच में पाया था कि इनका कोई चिकित्सकीय औचित्य नहीं है और मनुष्यों के लिए खतरा पैदा करने वाली हैं।

### प्रमुख ब्रांडों पर पड़ेगा असर

दिप्रिंट के मुताबिक, प्रतिबंध से फार्मा की दिग्गज कंपनियों जैसे सिप्ला, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज, सन फार्मास्यूटिकल्स, टोरेंट और अल्केम आदि पर असर पड़ेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, FDC वैसे तो भारतीय बाजार में 1980 के दशक में आना शुरू हुआ था, लेकिन 2012 में एक संसदीय स्थायी समिति की रिपोर्ट के बाद यह मुद्दा सार्वजनिक हुआ। मामले को लेकर एक समिति भी बनी थी, जिसकी सिफारिश पर 2018 में 344 FDC पर प्रतिबंध लगाया गया। मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा था।

# त्रिपुरा में भारी बारिश के कारण 22 लोगों की गई जान

एजेंसी | देबीपुर

देश के पूर्वोत्तर में बसे त्रिपुरा राज्य में पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। यहां बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में आकर 22 लोगों की जान जा चुकी है। राज्य के 2,032 स्थानों पर भूस्खलन की खबरें आईं, जिनमें से 1,789 स्थानों को साफ कर दिया गया है, जबकि अन्य स्थानों पर बहाली का काम चल रहा है। भारतीय मौसम विभाग (IMD) ने सभी 8 जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।



### बारिश के कारण 17 लाख से अधिक प्रभावित


राज्य सरकार ने बताया कि बारिश की वजह से राज्य में 17 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। करीब 65,400 लोगों ने घर क्षतिग्रस्त होने के कारण 450 राहत शिविरों में शरण ली। मुख्यमंत्री माणिक साहा ने फेसबुक पोस्ट में बताया कि शांतिरबाजार के अश्वनी त्रिपुरा पारा और देबीपुर में भूस्खलन से 10 लोग मलबे में दब गए। इसके अलावा कई अन्य जगह भी घटनाएं हुई हैं। उन्होंने पीड़ितों के परिवार को 4 लाख देने की घोषणा की है।

**संकट** › आज NASA लेगा आखिरी फैसला, सुनीता और उनके साथी बुच विल्मोर का लगातार हो रहा इंतजार

# अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की वापसी पर सस्पेंस बरकरार

एजेंसी | वाशिंगटन

भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की वापसी कब और कैसे होगी इसे लेकर सस्पेंस बना हुआ है। ऐसे में अमेरिकी स्पेस सिस्टम के पूर्व कमांडर रूडी रिडोल्फी की एक चेतावनी ने टेंशन और भी बढ़ा दी है। अमेरिकी स्पेस एजेंसी NASA के सामने सुनीता विलियम्स की वापसी के लिए अब क्या विकल्प हैं, उसका नया प्लान क्या है और इसमें क्या-क्या खतरे हैं। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, NASA सुनीता विलियम्स की वापसी पर शनिवार को आखिरी फैसला ले सकता है।



### सुनीता की वापसी पर सस्पेंस बरकरार

5 जून 2024 से अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स की धरती पर वापसी कब और कैसे होगी इसका जवाब किसी के पास नहीं है। खुद अमेरिका भी बार-बार नई डेडलाइन दे रहा है। ऐसे में सुनीता और उनके साथी बुच विल्मोर का इंतजार लगातार लंबा हो रहा है। बीते दिनों एक रिपोर्ट में कहा गया कि सुनीता और विल्मोर को वापस लाने में 8 महीने और लग सकते हैं यानी फरवरी 2025 तक उन्हें स्पेस में ही रहना पड़ सकता है।

### खतरनाक है स्टाइलाइनर से वापसी

फिलहाल नासा की ओर से इस पर पर मंथन किया जा रहा है कि क्या सुनीता और वेल्मोर को खराब स्टारलाइनर में ही बने रहना चाहिए। इस विकल्प पर गंभीरता से इसलिए चर्चा हो रही है क्योंकि पूर्व अमेरिकी सैन्य स्पेस सिस्टम कमांडर रूडी रिडोल्फी ने दावा किया है कि अगर दोनों बोइंग स्टाइलानर से वापसी की कोशिश करते हैं तो हालात बहुत खराब हो सकते हैं और उनकी जान को भी खतरा हो सकता है।

### सुनीता की वापसी में संभावित खतरे

रूडी की इस चेतावनी के बाद NASA के सामने चुनौती बढ़ गई है। सुनीता और वेल्मोर की वापसी को को लेकर संकट गहराने लगा है। इसकी बड़ी वजह है रूडी रिडोल्फी की ओर से जताई जा रही आशंका। दरअसल रिडोल्फी ने उनकी वापसी के दौरान होने वाले तीन खतरे बताए हैं।

### सुनीता की वापसी के विकल्प

**पहला विकल्प :** NASA अपने पुराने कॉमर्शियल पार्टनर Spacex के ड्रैगन-2 कैप्सूल को नए रॉकेट से अंतरिक्ष में भेजे।

**दूसरे विकल्प :** अमेरिका अपने एस्ट्रोनोट्स को बचाने के लिए रूस से बात करे रूस सोयुज स्पेसक्राफ्ट को अंतरिक्ष में भेजकर एस्ट्रोनोट्स को लाए।

**तीसरा विकल्प :** स्पेस में फंसे स्टारलाइनर से ही दोनों की वापसी कराई जाए और हर तरह की सावधानी बरती जाए।

### पहला खतरा

अगर बोइंग स्टारलाइनर का कैप्सूल गलत एंगल से पृथ्वी में प्रवेश करने की कोशिश करता है तो वो वायुमंडल से टकराकर वापस अंतरिक्ष की तरफ चला जाएगा और एस्ट्रोनॉट्स इसके बाद स्पेस में ही फंसे रह सकते हैं।

### दूसरा खतरा

कैप्सूल सही एंगल पर नहीं रखा तो हीट शील्ड फेल हो सकती है हीट शील्ड फेल होने पर ओवरहीटिंग होगी और भाप बनने पर एस्ट्रोनोट्स की जान भी जा सकती है।

### तीसरा खतरा

वापसी के वक्त स्पेसक्रॉफ्ट का थ्रस्टर फेल हुआ तो मामला बेहद गंभीर हो जाएगा और एस्ट्रोनोट्स के पास महज 96 घंटे की ऑक्सीजन बचेगी।

### अंतरिक्ष में फंसी हैं सुनीता विलयम्स

बता दें कि सुनीता विलयम्स को अंतरिक्ष में फंसे हुए 2 महीने से ज्यादा का वक्त हो गया है। वापसी को लेकर अब तक की तमाम कोशिशें फेल हो चुकी हैं। खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। स्पेस में लंबे समय तक रहने की वजह से कई तरह की बीमारियों की भी आशंका रहती है। ऐसे में सवाल यही है कि उनकी वापसी के लिए अमेरिका अब क्या कदम उठाएगा।